CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 27 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 13 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट प्रस्तुत होते ही बजट की घोषणाओं को पूरा करने में जुटे

## सभी विभागों के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर बजट घोषणाओं के प्रस्ताव मुख्यमंत्री ऑफिस में भिजवाने के लिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत होने के कुछ घंटे बाद ही बजट में की गई घोषणाओं को पूरा करने की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुटे हुए दिख रहे है। उन्होंने सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों को बजट भाषण में किए गए वादों और घोषणाओं के प्रस्ताव 15 दिन के भीतर मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए हैं ।मुख्यमंत्री के निर्देश मिलने के बाद सभी विभागों के बड़े अधिकारी बजट में की गई घोषणाओं के प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में जुट गए हैं ऐसा प्रदेश के इतिहास में पहली बार देखने को मिल रहा है जब कोई मुख्यमंत्री राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत होने के कुछ घंटे के बाद ही बजट की घोषणाओं को लागू करने के बारे में कार्य योजना तैयार करने की प्रक्रिया में प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट कर दे। अभी तक बजट भाषण का रिप्लाई भी नहीं हुआ है इससे पहले ही मुख्यमंत्री शर्मा बजट के क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं जो यह दिखाता है कि वह अपनी बजट की घोषणाओं को लेकर कितने गंभीर और सजग हैं ।

*गुरुवार को एक तरफ जहां राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई संपादित हो रही थी तो दूसरी तरफ शासन सचिवालय में सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारी बजट की घोषणाओं का मूल्यांकन और विवेचन करते हुए दिखाई दिए क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें फरवरी महीने में ही बजट घोषणाओं के प्रस्ताव मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवाने को कह रहे हैं इसलिए गुरुवार को सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारी बजट की घोषणाओं के प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में पूरी तरह से व्यस्त दिखे । इसलिए अब यह माना जा रहा है कि बुधवार को वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से राजस्थान विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है उस बजट की एक-एक घोषणा को पूरा करने में प्रदेश की भजनलाल सरकार अपनी ओर से कोई कमी बाकी नहीं छोड़ेगी क्योंकि खुद मुख्यमंत्री बजट की एक-एक घोषणा एक क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को ही गंभीर दिखे और उन्होंने बजट घोषणाओं के प्रस्ताव के आदेश तैयार करने को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को पाबंद किया है उसे देखते हुए ऐसा पक्का दिख रहा है कि बजट में की गई सभी घोषणाएं निर्धारित अवधि से पहले पूरी हो सकती हैं और अगर बजट में की गई सभी घोषणाएं निर्धारित अवधि से पहले पूरी हो जाती हैं तो यह कहीं ना कहीं राजस्थान के लोगों के कल्याण और विकास के लिए ही वरदान साबित नहीं होगा बल्कि राजस्थान के विकसित राजस्थान बनने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा ।*

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को भी साफ कहा है कि वह अपने-अपने विभाग की घोषणाओं की क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहे और प्रत्येक घोषणा की क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखें अगर किसी घोषणा में किसी भी तरह की कोई बड़ा या कोई कानूनी अड़चन सामने आती है तो इसके बारे में उन्हें बताया जाए कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भजनलाल शर्मा जिस तरह से पिछले 2 साल में पूरी तरह से एक्टिव नजर आए अब तीसरे साल में भी पिछले 2 साल की तुलना में ज्यादा एक्टिव नजर आ रहे हैं जो कहीं ना कहीं प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए काफी लाभदायक साबित होगा।

# सदन में 17 फरवरी को बजट भाषण का जवाब देगी दिया कुमारी, 14 और 15 फरवरी को विधानसभा की रहेगी छुट्टी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** आगामी 17 फरवरी को राजस्थान विधानसभा में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से बजट भाषण का जवाब दिया जाएगा । जानकारी के अनुसार विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में आगामी 19 फरवरी तक सदन की कार्रवाई की योजना निर्धारित कर दी गई है इसी क्रम में 12 13, 16 और 17 फरवरी तक बजट पर विस्तार से बहस होगी ।14 और 15 फरवरी को विधानसभा की छुट्टी रहेगी तथा 17 फरवरी को उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की ओर से बजट भाषण पर रिप्लाई दिया जाएगा और फिर 18 और 19 फरवरी को सदन में विभिन्न विभागों की अनुदान की मांगों पर चर्चा कर उन्हें पारित कराया जाएगा। बुधवार को जिस अंदाज और जिस भाव में दिया कुमारी ने करीब 3 घंटे तक बजट भाषण प्रस्तुत किया उनके इस अंदाज की गुरुवार को प्रदेश भर के लोगों में चर्चा होती रही। लोगों का कहना है कि दिया कुमारी ने बहुत ही कम अवधि में खुद को एक परफेक्ट राजनेता के रूप में स्थापित कर दिया है। भाषण के दौरान दिया कुमारी बिल्कुल भी विचलित नहीं हुई उन्होंने धारा प्रवाह बजट में शामिल एक-एक बिंदु पर बहुत ही प्रभावी तरीके से अपनी बात रखी । इसके अलावा पिछली सरकार के कामकाज और घोषणाओं को लेकर भी बजट भाषण के बीच-बीच में तंज कसकर कांग्रेस पार्टी के विधायकों की जुबान बंद करने की उन्होंने बहुत अच्छी कोशिश की । जानकार लोगों का कहना है कि करीब 3 घंटे के बजट भाषण में एक भी पल ऐसा नहीं आया जब दिया कुमारी के शब्द जुबान पर लड़खड़ाए हो और किसी भी बिंदु पर उन्होंने स्पष्ट तरीके से अपनी बात नहीं कही हो उन्होंने संयमित अनुशासित और धैर्य रखते हुए अपने ओजस्वी भाषण के माध्यम से पूरा बजट भाषण प्रस्तुत किया इस दौरान सत्ता पक्ष के लोगों ने भी उनकी हौसला बढ़ाया बजट भाषण के दौरान दिया कुमारी ने बीच-बीच में अपने शायराना अंदाज के माध्यम से विपक्ष को कटघरे में जहां खड़ा करने का प्रयास किया तो शायराना अंदाज में ही राजस्थान को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे ले जाने की बात कहते ही है प्रदेश की भजनलाल सरकार के पिछले दो सालों के कामकाज की खूब प्रशंसा की और बजट के माध्यम से सरकार का विजन और संकल्प स्पष्ट तौर पर सदन के समक्ष रखते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को उन्होंने अपने व्यवहार और भाषण शैली से खूब प्रभावित किया उल्लेखनीय है कि दिया कुमारी ने वर्ष 2013 में पहली बार सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा था और चुनाव जीती थी बाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने राजसमंद से चुनाव लड़ा और जीत और 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जयपुर की विद्याधर नगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और चुनाव जीता इस तरह से दिया कुमारी अब तक तीन चुनाव अलग-अलग जगह से लड़ चुकी है और तीनों ही चुनाव उन्होंने जीते हैं ।जो यह दिखाता है कि दिया कुमारी की पर्सनैलिटी और उनकी लोकप्रियता राजधानी जयपुर तक ही सीमित नहीं है बल्कि उनकी लोकप्रियता का ग्राफ पूरे प्रदेश में तेजी से बढ़ता जा रहा है इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार में उन्हें पहली बार बड़ी जिम्मेदारी जिसमें उन्हें उपमुख्यमंत्री पद पर बिठाया गया और कई बड़े डिपार्टमेंट उन्हें दिए गए जिसमें उन्हें वित्त विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई और अब तक दिया कुमारी पिछले 2 साल में राजस्थान विधानसभा में तीन बजट प्रस्तुत कर चुकी हैं और तीनों ही बजट उन्होंने बहुत ही प्रभावित तरीके से अपने सटीक भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया उनका भाषण देने का अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है ।



# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेल क्षेत्र में शेखावाटी क्षेत्र को कर रहे मजबूत, सीकर और आसपास के जिलों के लोग खुश

## रींगस-सीकर, 50 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य को 470 करोड़ रूपए की लागत से मिली मंजूरी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रदेश के जोधपुर के रहने वाले हैं इसलिए रेल मंत्री के रूप में इन्होंने हमेशा राजस्थान का पूरा ध्यान रखते हुए राजस्थान में रेलवे के ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ नई-नई ट्रेन की सौगात भी दे रहे हैं । इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण क्षेत्र शेखावाटी में रेल सम्पर्क को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए रींगस-सीकर, 50 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए 470.34 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस दोहरीकरण से रींगस, सीकर और आसपास के क्षेत्रों में तीव्र नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही क्षेत्र का जयपुर और दिल्ली के मध्य बेहतर रेल सम्पर्क स्थापित होगा। शेखावाटी क्षेत्र पर्यटन, सेना एवं शिक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। पिलानी एवं लक्ष्मणगढ़ की गिनती भारत के प्रसिद्ध शिक्षा क्षेत्रों के रूप में की जाती है। जहां एक ओर इस क्षेत्र के बग्गड़, बिसाऊ, चिराना, डूंडलोद, चिड़ावा, फतेहपुर, काजड़ा, महेनसर, नवलगढ़ स्थान अपनी सोने-चाँदी की भित्ती चित्रों वाली हवेलियों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं खाटूश्यामजी, सालासर, जीणमाता, शाकम्भरी माता के धार्मिक स्थल पूरे भारत में विशेष पहचान रखते हैं। आस्था के इन केन्द्रों पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। इसके अतिरिक्त शेखावाटी के बहुत से नौजवान भारतीय सेना में भी कार्यरत है। रींगस से सीकर रेलखंड के दोहरीकरण से रींगस और सीकर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटक को बढ़ावा मिलेगा साथ ही शिक्षा के लिए आवागमन करने वाले विद्यार्थियों को तीव्र और सुगम रेल परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी तथा सेना में कार्यरत् जवानों को अपने निवास स्थान तक आवागमन के लिए बेहतर रेल सुविधा प्राप्त होगी। इस मार्ग के दोहरीकरण से लाइन क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी। रींगस से सीकर रेलखंड के दोहरीकरण से खाटूश्याम जी वाले वाले श्रद्धालुओं को विशेष रूप लाभ मिलेगा तथा उनकी यात्रा सुगम होगी। उल्लेखनीय है कि रींगस-खाटूश्याम जी 18 किलोमीटर नई लाइन का कार्य 254 करोड़ रूपए की लागत के साथ किया जा रहा है तथा सीकर और रींगस स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य भी प्रगति पर है। इन कार्यों के निष्पादन से शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा एवं रोज़गार के नए अवसरों का सृजन होगा।

# गिरिराज सिंह का राहुल गांधी पर हमलाः कहा- ट्रेड डील पर फैला रहे झूठ, देश में करवाना चाहते हैं गृहयुद्ध



नई दिल्ली/एजेंसी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने राहुल गांधी को झूठा और दबंग करार दिया। सिंह ने गंभीर आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश में गृहयुद्ध (सिविल वॉर) शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री के अनुसार, कांग्रेस केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आ पा रही है, इसलिए राहुल गांधी इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं। उनका मकसद देश के किसानों को भ्रम में डालना है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा, 'मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि देश में उनसे बड़ा झूठा कोई नहीं है। वह उस लोकसभा में झूठ बोलते हैं, जिसे सच्चाई का मंदिर माना जाता है।' सिंह ने दावा किया कि राहुल गांधी को पता है कि वह सत्ता में नहीं आएंगे, इसलिए वह ऐसी गतिविधियों में लगे हैं। इससे पहले, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड डील को 'थोक सरेंडर' कहा था। राहुल का आरोप था कि सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका के हाथों में दे दी और किसानों के हितों से समझौता किया। इन आरोपों को खारिज करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की भलाई के लिए ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 70 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक पहुंचाया है। इसके साथ ही, सरकार ने सीधे किसानों के बैंक खातों में चार लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भेजी है। सिंह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें नकली किसान कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जौ और गेहूं या बछिया और बछड़े के बीच का फर्क भी नहीं पता है, फिर भी वह किसानों की बात करते हैं। मंत्री ने राहुल के भारत प्रेम पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश में आग लगाने के बाद अपने ननिहाल भाग जाएंगे।

## राहुल गांधी के खिलाफ क्या प्रस्ताव

झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर को अपना नोटिस देने के बाद कहा,'कोई प्रिविलेज मोशन नहीं है, मैंने एक सब्सटेंटिव मोशन दिया है, किसी एमपी के खिलाफ आरोप लगाते हैं...क्योंकि उनकी तरह कानून की हत्या करने वाला आदमी नहीं हूं या उनकी तरह दादागिरी से ये संविधान चलाने की बात नहीं है।' निशिकांत दुबे ने आगे बताया, 'मैंने एक सब्सटेंटिव मोशन दिया है। उसमें मैंने ये जिक्र किया है कि कैसे ये सोरोस फाउंडेशन के साथ, फोर्ड फाउंडेशन के साथ, यूएसऐड (USAID) के साथ मिलकर थाईलैंड जाते हैं, कंबोडिया जाते हैं, वियतनाम जाते हैं,अमेरिका जाते हैं, भारत-विरोधी ताकतों के साथ किस तरह से मिले हुए रहते हैं। इनकी सदस्यता भी रद्द हो और इनको जिंदगी भर के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी कर दिया जाए।' दरअसल, राहुल गांधी ने बजट सत्र में मोदी सरकार के साथ संसद में संग्राम छेड़ रखा है। वह और उनकी पार्टी स्पीकर से भी उलझने में नहीं हिचकिचाए हैं।

### बजट 2026-27 में युवा विकास एवं कल्याण की महत्वपूर्ण घोषणाएं

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के भरपूर अवसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं)**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप राजस्थान विधानसभा में पेश किया गया बजट 2026-27 गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति (GYAN) के कल्याण व सशक्तीकरण के कार्यों को मजबूती देगा। इस बजट में प्रदेश की बड़ी आबादी युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं, इससे युवा शक्ति को राज्य सरकार की विकसित राजस्थान-2047 की संकल्पना को भी साकार करने के लिए नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री के ध्येय 'युवा नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने', को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख युवाओं को 10 लाख रूपए तक के ऋण पर शत प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा मार्जिन मनी अनुदान आदि की सुविधा मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान कर 30 हजार युवाओं को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के स्टार्टअप्स के विकास के लिए नॉलेज पार्टनर के सहयोग से प्रत्येक जिले के चयनित महाविद्यालय में 'वाईब्रेंट प्रोग्राम' चलाया जाएगा। इसी प्रकार, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार परक कौशल, कैरियर गाइडेंस तथा डिजिटल मेंटोरिंग आवश्यक है। इसके लिए प्रौद्योगिकी सक्षम परामर्श प्रदान करने के लिए 'ड्रीम प्रोग्राम' चलाया जाएगा। वहीं, नशामुक्त राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए 'राजसवेरा' कार्यक्रम चलाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए ठोस निर्णयों से प्रदेश में गत दो वर्ष से अधिक समय में पेपरलीक की घटनाओं पर लगाम लगी है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को बनाए रखने, साथ ही अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी' (आरएसटीए) की स्थापना की जाएगी। घोषित एवं प्रक्रियाधीन भर्ती परीक्षाओं को सप्ताह के सभी दिनों में आयोजित कराने के लिए ऑनलाइन



टेस्टिंग सुविधायुक्त टेस्ट सेंटर के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। इससे शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई में भी अनावश्यक व्यवधान नहीं होगा। बजट 2026-27 में स्किलिंग इको-सिस्टम को मजबूत बनाने, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने तथा युवाओं के कौशल विकास के साथ ही उन्हें रोजगार परक बनाने का उद्देश्य रखा गया है, इसके लिए राज्य में पहली बार 'आउटकम बेस्ड स्किल इम्पैक्ट बॉण्ड' लाया जाएगा। इसके तहत प्लेसमेंट आधारित मापदंड पूरे होने पर ही भुगतान होगा। हॉस्पिटैलिटी, आईटी एवं स्वास्थ्य सेवाओं जैसे ग्राहक केन्द्रित क्षेत्रों में वैश्विक अवसरों के लिए एक हजार युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, जापानी, जर्मन व कोरियन भाषा में प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी। असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत अनुभवी 20 हजार कामगारों को 'रिकॉग्निशन ऑफ प्रियोर लर्निंग' के माध्यम से ट्रेड अनुसार मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण करवाया जायेगा। बजट में किए गए प्रावधानों में प्रमुख रूप से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक जिले में इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल डवलपमेंट एवं वोकेशनल ट्रेनिंग, प्रदेश में उभरते स्टार्टअप्स की मेंटरशिप व स्केलिंग के लिए 'आईस्टार्ट एंबेसडर प्रोग्राम' प्रारंभ किया जाएगा।

# वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने बजट को बताया सर्व जन हिताय, राइट टू हेल्थ पर बोले- हम मुफ्त इलाज दे रहे

जयपुर टाइम्स

**अजमेर(कासं)** आयोजित बजट को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान सियासी बयानबाज़ी तेज नजर आई. वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार के बजट को जनहित केंद्रित बताते हुए कहा कि यह दस्तावेज़ केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं बल्कि सरकार की विकास दृष्टि का रोडमैप है. उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की सोच पर आधारित है, जिसमें समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं शामिल की गई हैं. चतुर्वेदी ने इसे विकसित राजस्थान की दिशा में मजबूत कदम बताते हुए विपक्ष की आलोचनाओं को राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित बताया. हालांकि राइट टू हेल्थ के मुद्दे पर पल्ला झाड़ते हुए नजर आए. प्रेस वार्ता में बजट के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को प्रमुखता से रेखांकित किया गया. चतुर्वेदी ने कहा कि युवाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाएं उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेंगी, वहीं महिलाओं के लिए 'लखपति दीदी' जैसी योजनाएं आर्थिक सशक्तिकरण को गति देंगी. उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा. ।

CMYK

## रोल पर्यवेक्षक ने ईआरओ की बैठक लेकर एसआईआर की समीक्षा की, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय किशनगढ़ बास में सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर से पूर्व मतदाताओं की संख्या, पुनरीक्षण के दौरान एएसडी मतदाताओं के आंकड़े, प्रारूप प्रकाशन में शामिल मतदाताओं की संख्या तथा क्लेम और ऑब्जेक्शन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। रोल पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के बाद रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बम्बोरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 244, 245, 246 और 247 एवीएन राज्य के बालिका उच्च मध्यमिक विद्यालय तिजारा स्थित मतदान केंद्र 237, 240, 241, 242 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदाताओं से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपाल जाट, ईआरओ किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, ईआरओ तिजारा संजीव कुमार वर्मा, ईआरओ मुंडावर सृष्टि जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य बीमा पॉलिसियों के परिपक्वता दावे 28 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** डॉ. संजीव कुमार दास, संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, अलवर के अनुसार जिले के ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी जिनकी जन्म तिथि 01.04.1966 से 31.03.1967 के मध्य है, उनकी जीवन पर जारी राज्य बीमा पॉलिसी दिनांक 01.04.2026 को भुगतान हेतु परिपक्व होने जा रही है। संबंधित कर्मचारियों से समय पर परिपक्वता दावा प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। परिपक्वता दावा प्रस्तुत करने के लिए कर्मचारी परिशिष्ट 'क' (पदस्थापन विवरण सहित), मूल बीमा पॉलिसी बॉण्ड (दोनों ओर से), बीमा पासबुक/रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति तथा अंतिम बढ़ी हुई बीमा कटौती से संबंधित घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर दिनांक 28.02.2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाइन प्रेषित करें। ताकि स्वत्व राशि के अग्रिम भुगतान आदेश जारी कर समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। ऐसे कर्मचारियों की बीमा कटौती जनवरी 2026 से बंद कर दी जाएगी। साथ ही समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उनके अधीनस्थ जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 31.03.2027 तक प्रस्तावित है, उनके बीमा संबंधी दस्तावेजों के साथ जीपीएफ पासबुक, कैंसिल चेक/बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति, परिशिष्ट 'क' एवं सेवानिवृत्ति आदेश पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करवाना तथा सेवानिवृत्ति तिथि से 60 दिवस पूर्व ऑनलाइन प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा पूछताछ हेतु विभाग के दूरभाष संख्या 0144-2980410, विभागीय वेबसाइट या कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जा सकता है।

## अर्निमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन और एसएसबी के बीच एमओयू

### पर्यावरण, शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कार्य



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अर्निमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मौजपुर, अलवर के बीच सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, कौशल विकास सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। एमओयू पर एसएसबी की ओर से डीआईजी संजीव यादव ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट राजेंद्र कुमार एवं डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। अर्निमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से क्षितिज माथुर, सतीश मोदी, नवीन कुमार एवं सुधीर माथुर ने भाग लिया। दोनों संस्थाओं ने इस समझौते को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल बताया।

## पर्ची वाला बजट, जनता के साथ धोखाः सत्य प्रकाश पटेल का सरकार पर तीखा हमला



**पाली(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी पाली के कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश पटेल ने राजस्थान विधानसभा में पेश बजट पर तीखा प्रहार करते हुए इसे जनविरोधी और दिशाहीन करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट में ऐसा कोई निर्णय नहीं है जिसे व्यापक जनहित में ऐतिहासिक कहा जा सके। यह बजट प्रदेश की जनता के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ाने वाला है। पटेल ने आरोप लगाया कि रिफाइनरी और ईआरसीपी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का जिक्र तक नहीं किया गया। अगस्त 2025 तक रिफाइनरी उद्घाटन की घोषणा आज तक अधूरी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी नहीं कर 90 लाख से अधिक पेंशनधारकों को निराश किया गया है। युवाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी भर्तियों की घोषणा के बजाय संविदा नियुक्तियों की बात कर युवाओं के साथ छल किया जा रहा है। स्झ को हस्र घोटाले से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। अन्नपूर्णा राशन किट योजना को बहाल नहीं करना और चिरंजीवी योजना की बीमा राशि पर स्पष्टता नहीं देना भी सरकार की विफलता है। पटेल ने पाली जिले की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि नए जिलों के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं दिया गया। सुमेरपुर जवाई बांध पुनर्भरण, रोडवेज डिपो, रिको कार्यालय और डबल रोड जैसी मांगें अधूरी छोड़ दी गईं। जल जीवन मिशन में 45 लाख कनेक्शन के वादे के मुकाबले केवल 14 लाख कनेक्शन देना सरकार की खुली असफलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट ओबीसी, एससी-एसटी, किसान, मजदूर और आम आदमी को निराश कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है। अंत में पटेल ने कहा कि 'यह बजट केवल कागजों का पुलिंदा है, जिसमें न विजन है न जनहित यह राजस्थान को विकास की दौड़ में पीछे धकेल देगा।

# सैनी समाज का सामूहिक विवाह समारोह 19 फरवरी को

### विवाह समारोह की तैयारी जोरों पर, समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए होगी प्रतियोगिताएं

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** समाज में दहेजप्रथा, फिजूलखर्ची को रोकने एवं सामाजिक एकता, समानता व समरसता के उद्देश्य से "29वां अखिल भारती सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर की ओर से सैनी समाज का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 19 फरवरी गुरूवार (फुलेरादोज) को किया जाएगा। यह जानकारी समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई) ने देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में आयोजित होगा। जिसमें 16 जोड़ों का विवाह होगा।

समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई) ने बताया कि समिति द्वारा सैनी समाज के सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु, सामाजिक प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 फरवरी 2026 रविवार को किया जा रहा है। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता दोपहर एक बजे से, मैहन्दी प्रतियोगिता दोपहर एक बजे से ओर फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता दोपहर दो बजे से आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सैनी समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रथम पुरस्कार वासिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार एल.ई.डी. टीवी एवं तृतीय पुरस्कार प्रेशर कूकर (5 लीटर वाला प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में कुल 33 लक्की ड्रॉ कुपन द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को 19 फरवरी फुलेरादोज को सैनी सामूहिक विवाह समारोह में दोपहर 12:30 बजे अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम 16 दूल्हों की सामूहिक बारात निकासी प्रातः 8.30 बजे सैनी समाज सभा भवन, काशीराम चौराहा पास अलवर से प्रारम्भ होकर रोड़ नम्बर-2, भगत सिंह सर्किल, मण्डी पुलिया, अग्रसेन सर्किल होते हुए 11.00 बजे विवाह समारोह स्थल प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) पहुचेगी। जहॉ पर हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार आचार्यों द्वारा तोरण, वरमाला एवं पाणिग्रहण संस्कार की रस्में सम्पन्न करवाई जावेगी।

सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, भारत सरकार, अति विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा, वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्थान सरकार, आशीर्वाद समारोह अध्यक्ष, सुमेर सिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सैनी सभा संगठन होगे एवं विशिष्ट अतिथि भागचन्द टांकडा सहित कार्यक्रम संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान) प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान फल सब्जी मण्डी आढ़ती यूनियम एवं कार्यक्रम अध्यक्षता पूरणमल सैनी अध्यक्ष, अलवर जिला सैनी महासभा करेंगे। इसके साथ ही साथ ही इस अवसर पर सामाजिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधी पधार कर वर-वधूओं को आर्शीवाद प्रदान करेंगे।

इसके पश्चात् दोपहर 3 बजे सामूहिक विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति द्वारा समाज के भामाशाओं एवं दानदाताओं के सहयोग से नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप गृहस्थ जीवन बसाने हेतू आवश्यक सामग्री दी जावेगी।

समारोह को सफल बनाने हेतु समिति के तत्वाधान में बारात स्वागत समिति, पाण्डाल व्यवस्था समिति, पूछताछ एवं कन्यादान समिति, भोजन व्यवस्था समिति, जल व्यवस्था समिति, महिला समिति, मंच संचालन समिति सहित प्रचार-प्रसार कमेटियों का गठन करके सामाजिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सोपी गई है।

## भाग्य कितना भी अच्छा हो यदि कर्म अच्छे नहीं तो भाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है - संत डॉ. शिवम् साधक

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** अपना घर शालीमार श्री राम मंदिर में चल रही शिव कथा के चौथे दिन गुरुवार को संत डॉ. शिवम साधक महाराज ने कथा में सुनाया कि भाग्य कितना भी अच्छा हो यदि कर्म अच्छे नहीं हैं तो भाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है। हमें भाग्य से ज्यादा कर्म पर ध्यान देना चाहिए। कर्मयोगी व्यक्ति का भाग्य कभी खराब नहीं हो सकता है, साथ ही शिव महोत्सव की महिमा सुनाई ओर कहा कि इसका पाठ करने वाला जीवन में मनचाही इच्छा को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने काशी प्रकृति की कथा सुनाते हुए बताया कि हमें कभी भी काशी से गंगाजल अपने घर लेकर नहीं आना चाहिए क्योंकि काशी मुक्ति की नगरी है और कई बार गंगाजल के साथ बहुत से जीव उसमें हमारे घर तक चले आते हैं जो हमारे कारण अंतिम समय काशी में वास नहीं कर पाते और मुक्त नहीं हो पाते हैं। कथा के अंत में गुरु महिमा सुनकर सभी श्रद्धालु भावुक हो गए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भगवान शिव का दिव्य चंदन प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तजन पधारे। वहीं कथा के यजमान मदनलाल गुप्ता, मुख्य अतिथि वृन्दावन से पधारे व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष ठाकुर , डॉ एस सी मित्तल, राकेश गोयल, संदीप अग्रवाल, सुभाष मित्तल, अनिल बंसल और गिरीश गुप्ता विराजमान रहे। गुरुवार की देर शाम 8 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। ज्ञातरहे कि बुधवार, 11 फ़रवरी की सांय 7 बजे श्री राम मंदिर, अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति, मयूर नृत्य, भवई नृत्य, ब्रज की होली नृत्य, नरसिंह अवतार नृत्य ने सभी भक्तगणों को आनन्दित कर दिया।

## भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य प्रारम्भ

### अति जिला कलेक्टर ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत सोमवार को जिला/तहसील/नगर परिषद/नगर पालिका स्तर के नियमित सहायकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन अति. जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा प्रातः 10 बजे नगर परिषद् सभागार खैरथल में किया गया। इस अवसर पर उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक, आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला में खैरथल जिले की 7 तहसीलों, 3 नगर परिषद एवं 4 नगर पालिका से एक-एक नियमित सहायक तथा जिला स्तर से चार नियमित सहायक/कार्मिक जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए हैं। प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय से नियुक्त अधिकारियों लोकेश मीना एवं दीपक द्वारा 12-14 तक की अवधि में प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सभी कार्य समय पर पूर्ण करने, जनगणना से संबंधित सटीक डेटा समय पर उपलब्ध कराने तथा सीएमएमएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने के महत्व पर प्रकाश डाला। अति जिला कलेक्टर ने जनगणना निदेशालय से आए अधिकारियों से आग्रह किया कि भारत की जनगणना-2027 एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, अतः उपस्थित सहायकों को व्यापक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ कर सकें। उन्होंने उपस्थित विभिन्न चार्ज कार्यालयों के नियमित सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना-2027 के सफल संचालन में वे एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी सहायक इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण को पूरी लगन एवं गंभीरता से प्राप्त करें तथा किसी भी शंका की स्थिति में प्रशिक्षक अधिकारियों से प्रश्न कर पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हों, ताकि आगामी जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत 12 फरवरी को बाड़ी ब्लॉक के लालोनिहार गांव में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य विषय 'केवाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम रहा। शिविर में संकाय सदस्य सालिगराम सिंह ने प्रतिभागियों को केवाईसी अद्यतन के महत्व, प्रक्रिया व लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने से बैंकिंग सेवाएं सुचारू रहती हैं तथा धोखाधड़ी, साइबर अपराध और वित्तीय नुकसान से बचाव होता है। प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी, पिन, एटीएम तथा ऑनलाइन बैंकिंग से जुड़ी सावधानियों, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि खाता, पीपीएफ खाता सहित विभिन्न बचत व ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षित, पारदर्शी व डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसके साथ ही उमरेह बाड़ी में 14 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्थान निदेशक बी पी एस पवार के सानिध्य में किया गया। 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में समन्वयक कमल ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान स्टाफ सालिगराम सिंह, निशा हनी व निखिल शर्मा उपस्थित रहे।

## आरोप: भाजपा सरकार की हठधर्मिता: राजस्थान की जनता से छीना जा रहा 'स्वास्थ्य का अधिकार' नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को 'राइट टू हेल्थ' कानून के क्रियान्वयन में भाजपा सरकार की उदासीनता और आमजन के प्रति उनकी संवेदनहीनता पर कड़ा प्रहार किया। विधायक हरिमोहन शर्मा द्वारा विधानसभा में उठाए गए प्रश्न और सरकार के अस्पष्ट जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के हित में ऐतिहासिक 'स्वास्थ्य का अधिकार' दिया था, जिससे राजस्थान देश का प्रथम राज्य बना। लेकिन राजनीतिक बदले की भावना से ग्रस्त भाजपा पिछले दो साल से इस कानून के नियम न बनाकर जनता से यह हक छीन रही है। 'कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को देश का सिरमौर बनाया था, लेकिन भाजपा सरकार नियम न बनाकर इस कानूनी हक को खत्म करने पर उतारू है। भाजपा की यह संवेदनहीनता आम आदमी पर भारी पड़ रही है, जिसकी बड़ी राजनीतिक कीमत इस सरकार को चुकानी पड़ेगी।'

**ऐतिहासिक कानून को ठंडे बस्ते में डालने की साजिश**

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा बनाया गया 'राइट टू हेल्थ' आज सरकार की हठधर्मिता की भेंट चढ़ गया है। यह कानून हर गरीब और वंचित परिवार के लिए सम्मान के साथ इलाज पाने का एक सुरक्षा कवच था। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दो साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने इसके नियम तक नहीं बनाए हैं।

**विधानसभा में मंत्री के बयान ने खोली पोल**

जूली ने विधायक हरिमोहन शर्मा के सवाल का हवाला देते हुए कहा कि विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री का यह बयान कि 'इस एक्ट की आवश्यकता नहीं है', प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर तुषारापात जैसा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार को आमजन को इलाज का कानूनी हक मिलना स्वीकार नहीं है? मंत्री का यह रुख साफ दर्शाता है कि सरकार इस जनहितैषी कानून को लागू करने के बजाय इसे पूरी तरह खत्म करने की मंशा रखती है।

**जनता के प्रति संवेदनहीनता का चरम**

जूली ने कहा कि राजस्थान के इस कानून की सराहना वैश्विक स्तर पर हुई थी। लेकिन आज भाजपा सरकार की घोर असंवेदनशीलता के कारण यह गौरवशाली उपलब्धि कागजों में सिमट कर रह गई है। भाजपा सरकार को जनता की बीमारी, उनके संघर्ष और इलाज की जद्दोजहद से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने सीधे शब्दों में पूछा कि भाजपा सरकार आखिर राजस्थानवासियों को उनके स्वास्थ्य का कानूनी अधिकार क्यों नहीं देना चाहती?

### 2047 का सपना, 2026 की समस्या जस की तस

## बजट में तखतगढ़ फिर गायब, जनता में गुस्सा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान विधानसभा में पेश बजट को सरकार भले ही विकसित राजस्थान 2047 का रोडमैप बता रही हो, लेकिन तखतगढ़ के लिए यह बजट एक बार फिर खाली पन्ना साबित हुआ। बरसों से लंबित दो बड़ी मांगें स्थायी जल निकासी व्यवस्था और बाईपास सड़क इस बार भी घोषणाओं की सूची में जगह नहीं बना सकीं। मंगलवार को जैसे-जैसे बजट भाषण आगे बढ़ता गया, तखतगढ़ के लोगों की उम्मीदें भी टूटती चली गईं। कस्बे का नाम तक न आने से नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ योजनाओं की अनदेखी नहीं, बल्कि पूरे कस्बे की उपेक्षा है। हर बरसात में तखतगढ़ जलभराव से जूझता है। बाजार डूबते हैं, व्यापार ठप पड़ता है, बच्चे स्कूल जाने में परेशान होते हैं और आमजन को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। बावजूद इसके जल निकासी की स्थायी योजना पर सरकार ने चुप्पी साध ली। दूसरी ओर, बढ़ते ट्रैफिक और संकरी सड़कों के कारण जाम अब रोज़मर्रा की समस्या बन चुका है। बाईपास सड़क की मांग वर्षों से उठ रही है ताकि भारी वाहनों को कस्बे से बाहर निकाला जा सके, लेकिन इस बार भी कोई घोषणा नहीं हुई। राजनीतिक गलियारों में भी सवाल उठ रहे हैं, जब क्षेत्र से सत्तारूढ़ दल का मजबूत प्रतिनिधित्व है, तो तखतगढ़ बार-बार क्यों छूट रहा है? स्थानीय लोगों का तंज है, 2047 की बातें बाद में, पहले 2026 की दुश्वारियां तो खत्म कीजिए। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या सरकार अलग से कोई विशेष पैकेज देगी या तखतगढ़ यूं ही बजट की चमक-दमक में ओझल होता रहेगा।

# बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप में धरातल पर उतारे। इसके लिए विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्यों को पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्त रूप देवे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है, उनके आवंटन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राजगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करावे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि अलवर शहर के अम्बेडकर नगर, कठूमर के खोह एवं रामगढ के नंगली मेघा में 33/11 केवी के जीएसएस के लिए चिन्हित की गई भूमि के आवंटन के संबंध में आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कुशालगढ़ तिराहे से थैंक्यू बोर्ड बाया भर्तृहरि सडक तक व नौगांवा से नसवारी चौकी तक की सडक, निर्माण हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में कराना सुनिश्चित करें। साथ ही भर्तृहरि तिराहे पर स्थित पुलिया के जीर्णोद्धार कार्य को भी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु कार्य को गति प्रदान करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.डी बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेमचंद बेरवा और जोगाराम पटेल ने बजट की उपलब्धियां को पत्रकारों को बताया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने राजस्थान सरकार के तीसरे बजट को ऐतिहासिक बताते हुए इसे विकसित राजस्थान का सशक्त रोडमैप करार दिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपए के इस बजट का आकार वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। राज्य के अवसंरचना विकास के लिए 53 हजार 978 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है जो वर्ष 2023-24 की तुलना में दोगुने से अधिक है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पूर्व बजट से 53 प्रतिशत अधिक है। कृषि बजट में 7.59 प्रतिशत तथा ग्रीन बजट में 20.81 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। डॉ. बैरवा ने कहा कि शिक्षा सुविधाओं के विस्तार हेतु 69 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के 400 विद्यालयों को क्रमोन्नत कर सीएम राइज विद्यालय बनाया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं के पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना की घोषणा की गई है तथा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वीबीजी योजना में 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण महिला बीपीओ की स्थापना, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में ऋण सीमा वृद्धि, जैसलमेर में अल्ट्रा लग्जरी स्पेशल टूरिज्म जोन का विकास तथा शेखावाटी हवेली योजना के अंतर्गत 660 चिन्हित हवेलियों के पुनरुद्धार का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने कहा कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित सरकार ने असहाय एवं लावारिस व्यक्तियों को दस्तावेजों के अभाव में भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं निरोगी राजस्थान योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ देने की घोषणा की है। जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट, लैपटॉप, साइकिल एवं यूनिफॉर्म हेतु डीबीटी के माध्यम से ई-वाउचर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं के लिए 1.43 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है तथा 1 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। अन्नदाता किसानों के लिए यमुना जल को शेखावाटी क्षेत्र तक लाने हेतु 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जाएंगे तथा 800 करोड़ रुपये ब्याज अनुदान पर व्यय किए जाएंगे। नारी शक्ति सशक्तिकरण के लिए 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं की स्थापना, जिला स्तर पर महिला बीपीओ की स्थापना, 5 हजार महिलाओं को बीसी सखी तथा 1 हजार महिलाओं को बैंक सखी बनाने का प्रावधान किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बजट 2026-27 को लोकलुभावन वादों से परे समग्र एवं सतत विकास का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को आगे बढ़ाने वाला है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए यह बजट महिला, युवा, मजदूर, वंचित और किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल रकम का हिसाब नहीं, बल्कि शासन की सोच का आइना है। इसमें विकसित राजस्थान का स्पष्ट विजन प्रस्तुत किया गया है। अवसंरचना विस्तार, नागरिक सुविधाओं में वृद्धि, औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन, मानव संसाधन सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पर्यटन, कला-संस्कृति, कृषि, पशुपालन, डेयरी एवं हरित विकास जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रावधान किए गए हैं। वर्ष 2047 तक राजस्थान को 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह बजट महत्वपूर्ण आधार स्तंभ सिद्ध होगा। पटेल ने कहा कि यह बजट तात्कालिक राहत के साथ दीर्घकालीन विकास का रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा सरकार पर विश्वास जता रहा है और उसे भरोसा है कि अब प्रतिभा को ही अवसर मिलेगा। पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का विश्वास डगमगा गया था। उन्होंने बताया कि बजट में राजधानी जयपुर सहित जयपुर संभाग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जयपुर में 1 हजार करोड़ रुपये से अवसंरचना विकास, 500 करोड़ रुपये से ड्रेनेज सिस्टम सुदृढ़ीकरण, 1800 करोड़ रुपये से नई सड़कों का निर्माण, हाइवे पर 2 हजार कैमरों की स्थापना, एसएमएस अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, जेके लोन अस्पताल में 500 बेड का आईपीडी टॉवर, राज सुरक्षा एवं राज ममता योजना तथा 4 हजार हेक्टेयर में अरावली संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

## पाकिस्तान से बीकानेर के छतरगढ़ में फिर आया संदिग्ध गुब्बारा, पुलिस और खुफिया तंत्र अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पाकिस्तान अपनी गलत हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहा है। वह आए दिन किसी ने किसी तरह से भारत की आंतरिक व्यवस्था और मिलिट्री पुलिस और प्रशासन के लिए कोई ना कोई सर दर्द खड़ी कर देता है जिसमें प्रदेश की सीमा में पाकिस्तान की सीमा से आए दिन किसी ने किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां पाकिस्तान की ओर से देखने को मिल रही है । अभी हाल ही में बीकानेर जिले के छतरगढ़ इलाके में कंकराला गांव में एक गुब्बारा पड़ा मिला है जिसमें पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस अंकित है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और खुफिया तंत्र से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और इस गुब्बारे को कब्जे में कर कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस गुब्बारे को खुफिया तंत्र साधारण घटना नहीं मान रहा है इसलिए गुब्बारे से संबंधित तमाम तरह की जानकारियां हासिल की जा रही है हालांकि पुलिस और खुफिया तंत्र के अधिकारियों ने गुब्बारे के बारे में ज्यादा जानकारी अभी तक शेयर नहीं की है लेकिन मामले की गहनता से छानबीन जरूर की जा रही है । गुब्बारे में क्या कोई खुफिया यंत्र स्थापित है इसके बारे में भी जांच अधिकारियों ने अभी तक किसी भी तरह की कोई बात मीडिया को नहीं बताई है। जांच अधिकारियों का कहना है कि यह मामला संवेदनशील है इसलिए अभी तक जांच जारी है अभी यह बताना उचित नहीं है कि गुब्बारे में क्या था और क्या नहीं फिलहाल पाकिस्तान से आए इस गुब्बारे से जुड़े सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है ।

## नकाबपोश बदमाशों ने बुजुर्ग दंपति को लूट लिया, गांव में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के उदयपुर जिले में खेजडिलिया गांव में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एक मकान पर धावा बोल दिया और मकान में मौजूद बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट करके बुजुर्ग महिला के कान के टॉप्स और नाक की नथनी छीनकर फरार हो गए। इस वारदात के बाद आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में घबराहट छा गई है हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक तथ्य भी जुटे हैं तथा पीड़ित बुजुर्ग दंपति से आवश्यक पूछताछ भी की है तथा बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास भी किया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहन सिंह और उनकी पत्नी मोहिनी देवी हैं जो अपने घर पर रात को सो रहे थे तभी अचानक बदमाशों ने मकान का दरवाजा तोड़ा और मकान में दाखिल हुए बदमाशों ने मकान में दाखिल होने के बाद मोहन सिंह को चाकू दिखाया और उसके साथ मारपीट की दौरान बदमाशों ने बुजुर्ग दंपति से गहने नकदी इत्यादि के बारे में पूछा इस दौरान बदमाशों ने मोहिनी देवी के कान के टॉप्स और नाक की नथनी को छीन लिया नथनी और टॉप्स लूटने के दौरान बुजुर्ग महिला मोहिनी देवी के कान और नाक से खून भी बहने लगा इस दौरान पीड़ित बुजुर्ग दंपति ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया इसके बाद आसपास के लोग जब घर की तरफ आने लगे तो बदमाश घर से भाग गए ।

## हिस्ट्रीशीटर कालू से भारी मात्रा में हथियार और जिंदा कारतूस बरामद, करीब 33 मामले दर्ज हैं कुख्यात अपराधी के खिलाफ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** कोटा शहर में अपराध जगत से जुड़े लोगों में एक बड़ा नाम हिस्ट्रीशीटर कालू का भी है इसके खिलाफ करीब 33 मामले विभिन्न पुलिस स्टेशन में दर्ज हैं कालू के खिलाफ कई तरह के गंभीर अपराध के मामले कोटा पुलिस में दर्ज हैं। इसलिए कालू और उसके नजदीकी लोगों की गतिविधियों पर कोटा पुलिस हमेशा कड़ी निगरानी रखती है खासतौर से कोटा के रामपुर थाना पुलिस की ओर से कालू आदतन अपराधी घोषित है पुलिस ने कालू से 27 जिंदा कारतूस और 7 अलग-अलग तरह के हथियार बरामद किए गए हैं पुलिस बरामद किए गए। हथियारों के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है बरामद किए गए हथियार कालू ने कहां से और किन लोगों से और कब हासिल किया और इन हथियारों का वह अब कहां इस्तेमाल करना चाहता था क्या उसने हथियार बेचने की नियत से अपनी बड़ी मात्रा में हथियार जमा किए हुए था ।इस बात की भी जानकारी हासिल की जा रही है क्योंकि कालू से भारी मात्रा में बरामद किए जाने से पुलिस मान रही है कि कहीं ना कहीं कालू हथियारों की तस्करी भी करता है इसलिए कालू के नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। कोटा पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि गिरफ्तार अभियुक्त कालू ने अपनी काली कमाई से कहीं सरकारी जमीन पर कब्ज तो नहीं किया हुआ या फिर गलत तरीके से संपत्ति तो नहीं बनाई इसलिए कहा जा रहा है कि पुलिस अब कालू की अवैध संपत्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है और अगर कालू की अवैध संपत्तियों जमीन इत्यादि पुलिस की जांच में सामने आती है तो निश्चित रूप से कानून की संपत्तियों पर बुलडोजर चल सकता है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे पर ओटीपी आधारित डिजिटल पार्सल सेवा से हो रही राजस्व में वृद्धि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने पार्सल सेवा में विभिन्न आधुनिक तकनीकों को लागू किया है जिससे पार्सल राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस वित्त वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक प्राप्त पार्सल राजस्व, 65.90 करोड रुपए, इस अवधि में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्राप्त राजस्व (वित्त वर्ष 2015-16) से 10.15 प्रतिशत अधिक है। रेलवे पार्सल सेवा में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने से ग्राहक अपने पार्सल की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बुक किए गए पार्सल की बिल्टी ई-मेल पर प्राप्त होने से और पार्सल की सुपुर्दगी ओटीपी आधारित होने से ग्राहकों को अत्याधिक सुविधा हुई है। इस डिजिटल व्यवस्था से हर वर्ग के ग्राहकों को संतुष्टि प्राप्त हुई है। पार्सल सेवा में लागू किए गए इस प्रणाली से ग्राहकों की संतुष्टि में लगातार वृद्धि हो रही है। पार्सल राजस्व में हो रही वृद्धि उत्तर पश्चिम रेलवे की ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जयपुर पुलिस ने अंतर राज्य ठग गिरोह का पर्दाफाश किया : 26 करोड़ की ठगी में दो जनों को पश्चिम बंगाल से किया अरेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** शहर की बनी पार्क थाना पुलिस ने एक ऐसे अंतर राज्य ठग गिरोह का खुलासा किया है जिसने राजस्थान हैदराबाद पश्चिम बंगाल सहित कई अन्य राज्यों में करोड़ों रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है इस मामले में बनी पार्क थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल से विनय और विकास नाम के दो जालसाजी लोगों को सिलीगुड़ी से अरेस्ट किया है दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जयपुर लाया जा रहा है जानकारी के अनुसार इस अंतर राज्य ठग ग्रुप से जुड़े कुछ लोगों की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है यह गिरोह अब तक जयपुर सहित पूरे देश में 26 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है जिसमें ग्रुप के सदस्य अलग-अलग शहरों में जाकर आलीशान दफ्तर खोलते हैं और फिर कई एंटी फर्जी चीज को असली बताकर करोड़ों रुपए की ठग कर फरार हो जाते हैं हैदराबाद के एक व्यापारी से भी इन गिरफ्तार अभियुक्त होने करीब 5 करोड़ रुपए की ठगी की थी और जयपुर में भी बनी पार्क पुलिस स्टेशन में करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला दर्ज है ।

## प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके बजट की पोल खोल कर रख देंगे: गोविंद सिंह डोटासरा


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता और सरकार से जुड़े लोग पिछले 2 साल से आए दिन संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके बिना बात ही सरकार के काम का ढिंढोरा पीट रहे हैं ।जबकि हकीकत यह है कि पिछले 2 साल में सरकार ने किसी भी क्षेत्र में कोई कार्य नहीं किया प्रदेश सरकार ने पिछले 2 साल में पिछली सरकार की योजनाओं को या तो बंद करने या फिर योजनाओं को कमजोर करने का कार्य किया है इसके अलावा और कोई दूसरा कार्य नहीं किया इसलिए उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस की हकीकत को मीडिया और जनता दोनों जानती है ।अब जिस तरह से राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर भाजपा के नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं इसकी पोल कांग्रेस पार्टी अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके खोलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ बजट में छलावा और धोखा किया गया है इसके अलावा प्रदेश की जनता को बजट से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बजट को लेकर व्यापक रणनीति तैयार कर रही है जिसमें संवाददाता सम्मेलन तो हर जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े नेता गांव गांव शहर शहर जाकर बजट की पोल खोलेंगे और बताएंगे कि इस बजट से भजनलाल सरकार ने सिर्फ लोगों के साथ धोखा ही किया है डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि कांग्रेस पार्टी बजट की गंभीरता से स्टडी और विवेचना कर रही है जिसमें कांग्रेस पार्टी पिछले बजट की घोषणाओं के बारे में भी लोगों को यह बताएगी कि पिछले बजट की घोषणा और वादों को भी सरकार ने पूरा नहीं किया था और अब नए बजट में जो वादे किए गए हैं उन वादों की भी कोई गारंटी नहीं है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बजट को लेकर जो भी बात जनता को बताएगी उसको आंकड़ों और तथ्य के अनुसार पत्रकारों को और जनता को बताया जाएगा उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करके प्रदेश सरकार ने प्रदेश के गरीब आदिवासी मजदूर महिला किसान सबके साथ ना इंसाफी की है उन्होंने कहा कि पिछली हमारी सरकार की योजनाओं की पूरे देश भर में तारीफ होती थी लेकिन प्रदेश में सरकार बदलते ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से हमारी सरकार की योजनाओं को बंद करके जनता के साथ अन्याय किया गया ।

## विकसित राजस्थान की दिशा में ऐतिहासिक बजटः किसानों की समृद्धि का रोडमैपः सुरेश चौधरी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** भजनलाल सरकार की ओर से उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से प्रस्तुत बजट को भाजपा नेता सुरेश चौधरी ने ऐतिहासिक और विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन, युवाओं, महिलाओं और विशेष रूप से किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। सुरेश चौधरी ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राज्य की प्रगति का संकल्प पत्र है। इसमें किसानों की आर्थिक समृद्धि, फसल उत्पादन का उचित मूल्य, कृषि सुरक्षा और तकनीकी उन्नयन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए दूरदर्शी प्रावधान किए हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने और समर्थन तंत्र को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है। साथ ही सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा और तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहन देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चौधरी ने कहा कि बजट में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और पलायन रुकेगा।

भाजपा नेता ने कहा कि बजट में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी ठोस प्रावधान किए गए हैं। सड़क, बिजली, पानी और शहरी विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह बजट राजस्थान को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सुरेश चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताते हुए कहा कि यह बजट राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप है और आने वाले वर्षों में सकारात्मक परिणाम देगा।

## जयपुर की सेंट्रल जेल में कैदियों के दो ग्रुप में खूनी संघर्ष, जेल प्रहरी भी हुए घायल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की सबसे बड़ी और सबसे सुरक्षित माने जाने वाली सेंट्रल जेल में गुरुवार की मॉर्निंग को उस समय जेल प्रशासन सेजुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया जब जेल में कैदियों के दो ग्रुप आपस में जोरदार तरीके से लड़ने लगे। दोनों ही ग्रुप के कैदियों के बीच जोरदार हिंसक झड़क हुई जिसमें धारदार हथियारों का भी प्रयोग होने की बात कही जा रही है। इस झगड़े में कैदी राजेश के सर पर चोट से गहरे घाव होने की जानकारी मिली है तो राहुल नाम के कैदी पर भी धारदार हथियार से हमला होने की बात कही जा रही है। आपस में लड़ रहे कैदियों को अलग-अलग करने के लिए जेल प्रहरी मौके पर गए और उन्होंने अपनी ओर से आपस में लड़ रहे कैदियों को कंट्रोल करने का प्रयास किया तो जेल प्रहरी भी घायल हो गए। बाद में जेल प्रशासन से जुड़े अन्य अधिकारियों और कर्मचारी ने मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बल मंगवाया और आपस में लड़ रहे कैदियों को अलग-अलग करवाया। इस मामले में घायल दोनों कैदी को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है तथा इस पूरे प्रकरण में लाल कोठी थाना पुलिस स्टेशन में भी कैदियों के खिलाफ मामले दर्ज हुए हैं जिसमें क्रॉस मामले दर्ज होने की बात की कही जा रही है जानकारी के अनुसार गुरुवार की मॉर्निंग को सेंट्रल जेल में वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 11 में मौजूद कैदी आपस में किसी बात को लेकर भिड़ गए। दोनों ही वार्ड के कैदी आमने-सामने हो गए और दोनों ही ओर से धारदार हथियारों का भी प्रयोग होने की बात कही जा रही है अब सवाल यहां पर यही खड़ा होता है कि आखिर कड़ी सुरक्षा के बावजूद भी जेल में धारदार हथियार कैसे और किस तरह से कैदियों के पास पहुंच जाते हैं। यह एक बहुत बड़ा सवाल है हालांकि सेंट्रल जेल और जयपुर जेल के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में वार्ड की तलाशी के दौरान मोबाइल फोन सिम और अन्य अवांछित वस्तुएं अक्सर मिलती रहती हैं। लेकिन अगर कैदियों तक धारदार हथियार भी पहुंचते हैं तो यह कहीं ना कहीं बहुत चिंता का विषय है क्योंकि गुरुवार को ही लड़ाई में जिस तरह से कैदियों ने धारदार हथियार का प्रयोग किया यह वास्तव में जेल प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है ।

## नीमकाथाना के गणेश्वर धाम तीर्थ स्थल के कुंड में ब्लास्ट, भक्तों में दहशत फैली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के नीमकाथाना इलाके में स्थित प्रसिद्ध गणेश्वर धाम तीर्थ स्थल के कुंड में एक सूटकेस में ब्लास्ट होने के बाद वहां दीवारों में दरारें पड़ गई। ब्लास्ट की आवाज सुनकर तीर्थ स्थल पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और कुंड से ब्लास्ट हुआ एक सूटकेस बरामद किया गया है हालांकि किसी भी तरह की जनहानि यहां पर नहीं हुई है लेकिन जिस तरह से धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ उसके बाद वहां मौजूद लोगों में दहशत जरूर फैल गई थी । फिलहाल घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत जुटाए जा रहे हैं पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है पुलिस का कहना है कि मामले की जब तक जांच कंप्लीट पूरी नहीं हो जाती तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा । खबर लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई थी कि कुंड में सूटकेस किसने डाला है इसके लिए पुलिस तीर्थ स्थल पर आने वाले लोगों की पहचान करने का भी प्रयास कर रही है। पिछले कुछ दिनों में जो जो लोग यहां पर दर्शन के लिए आए हैं उनके बारे में जानकारी हासिल की जा रही है इसके अलावा इलाके में संदिग्ध लोगों पर भी पुलिस की निगाह है पुलिस ने खबर लिखे जाने तक यह भी स्पष्ट नहीं किया था कि इस ब्लास्ट के तार किसी आतंकी संगठन से जुड़े हुए तो नहीं है या फिर सूटकेस में ब्लास्ट होने का कोई अन्य कारण था फिलहाल सूटकेस में ऐसी कौन सी वस्तु थी जिसकी वजह से यह ब्लास्ट हुआ इसके बारे में विधि विज्ञान प्रयोगशाला और बम निरोधक दस्ते की टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है ताकि यह पता चल सके कि आखिर सूटकेस में ऐसी कौन सी वस्तु थी जिसकी वजह से यह ब्लास्ट हुआ फिलहाल जिस तरह से इस प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर यह ब्लास्ट की घटना हुई है वह क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय जरूर बनी हुई है।

## कलेक्टर व एसपी ने लिया सैंपऊ महादेव मंदिर में मेले की तैयारियों का जायजा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महाशिवरात्रि पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सैंपऊ महादेव मंदिर का दौरा किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, मेले के मुख्य मार्गों, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व विद्युत व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि मेले में आने वाले हजारों भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए बताया कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे तथा सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए प्रवेश एवं निकास मार्गों को सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि पर सैंपऊ महादेव मंदिर में विशाल मेला भरता है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्रशासन ने इस वर्ष मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित व सुविधाजनक बनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त सैंपऊ अनूप सिंह सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडावा से दिल्ली तक डॉ. दिशांत का बढ़ता कदम, राष्ट्र मंच पर सशक्त उपस्थिति

### राष्ट्रपति भवन से आमंत्रणः विज्ञान भवन में डॉ. दिशांत होंगे विशिष्ट अतिथि



**मंडावा(निस)।** मंडावा के लिए यह अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। 13 फरवरी को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' में करणी कृपा स्कूल, मंडावा के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत को स्वयं राष्ट्रपति भवन से अतिथि के रूप में आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ाएँगी भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जो कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। यह आयोजन भारत सरकार व ओम शांति रिट्रीट सेंटर (ओएसआरसी) की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सबसे विशेष बात यह है कि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच के लिए पूरे भारत से केवल 200 चयनित गणमान्य व्यक्तियों को ही आमंत्रित किया गया है। ऐसे विशिष्ट आमंत्रितों की सूची में डॉ. दिशांत का नाम शामिल होना उनके प्रभावशाली शैक्षणिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का राष्ट्रीय सम्मान माना जा रहा है। डॉ. दिशांत शिक्षा क्षेत्र में अपनी नवाचारपूर्ण सोच, ऊर्जावान नेतृत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा को नई दिशा, नई सोच और नई पहचान मिली है। राष्ट्रपति भवन से प्राप्त यह आमंत्रण न केवल डॉ. दिशांत की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि मंडावा और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का प्रतीक बन गया है। क्षेत्रवासियों, अभिभावकों व शिक्षाविदों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## कहानी

### श्रद्धालु सुनंदा

प्राचीन काल की कहानी है । एक नदी के एक किनारे पूर्णानगर गांव था तथा नदी के दूसरे किनारे पर बसे गांव का नाम वेदनगर था । पूर्णानगर गांव में देवदास नाम के अत्यंत बुद्धिमान व्यक्ति रहते थे । वेदनगर गांव में एक सुनंदा नाम की महिला रहती थी । सुनंदा ईश?वर भक्त और श्रद्धालु थी तथा भोलीभाली थी। वह सदैव ईश?वर का नामजप किया करती थी । उसके पास दो गायें थी । उन गायों का दूध बेचकर वह अपना निर्वाह करती थी । वह प्रतिदिन दूध लेकर नाव से नदी पार करती तथा पूर्णानगर गांव में जाकर दूध बेचती थी । वह देवदास के घर भी दूध पहुंचाती थी ।

एक दिन सवेरे सुनंदा को देवदास के घर दूध पहुंचाने में विलंब हो गया । समय पर दूध न मिलने से देवदास नाराज हो गए थे । सुनंदा ने आते ही देवदास से विलंब के लिए क्षमा मांगी । देवदास ने उससे विलंब का कारण पूछा । वह बोली, मैं वेदनगर से एक नाव में बैठकर नदी पार करती हूं, तब यहां दूध पहुंचा पाती हूं । आज नाविक विलंब से आया, इसलिए मुझे भी विलंब हो गया तथा आपको भी दूध मिलने में विलंब हो गया ।

देवदास ने सुनंदा से कहा, 'सुनंदा तुम तो नाविक की मदद के बिना भी नदी पार कर सकती हो । तुम तो ईश?वर भक्त हो और ईश?वर के नाम का जाप करती रहती हो । हरीनाम का जाप करनेवाला यह छोटी सी नदी तो क्या, संसार रूपी सागर भी पार कर सकता है ।

भोली भाली श्रद्धालु सुनंदा ने पंडित की बात ध्यान से सुनी । उसी विचार में वह अपने गांव लौट गई । पूरा दिन वह भगवान के नाम की महानता के बारे में सोचती रही, जोकेवल छोटी सी नदी ही नहीं अपितु संसार रूपि सागर भी पार करवाता है ।' इस विचार से उसके मन का भाव जागृत हो गया । उसे भगवान के प्रति कृतज्ञता भी लगने लगी ।

दूसरे दिन सुबह सुनंदा दूध पहुंचाने के लिए देवदास के घर पहुंच गई । वह नियमित समय से पहले ही दूध देने पहुंच गई थी । उसको देखकर देवदास ने पूछा, 'सुनंदा, तुम तो आज समय से पहले ही आ गई । क्या आज नाविक समय से पहले ही आ गया?' तब सुनंदा बोली कि कल आपने मुझे ईश?वर का नाम लेते हुए नदी पार करने हेतु कहा था, आज मैंने नाविक की प्रतीक्षा नहीं की । प्रभु का नाम लेते हुए नदी पर चल कर समय से पहले ही पहुंच गई ।

यह सुनकर देवदास चकित हो गए । उन्हें विश?वास नहीं हुआ । उन्होंने दुबारा सुनंदा से पूछा कि क्या वह सच में नदी के ऊपर से चलकर आई है ? सुनंदा के हां कहनेपर उन्होंने उसे नदी पर चलकर दिखाने को कहा । । श्रद्धालु तथा भगवान की भक्त सुनंदा और देवदास नदी किनारे आ गए ।

देवदास ने सोचा, यदि मेरे कहने पर केवल नामजप करने से यह नदी पार कर सकती है, तो मैं भी कर सकता हूं । परंतु देवदास अपने कपड़ों के गीले होने को लेकर अत्यधिक चौकस थे । भगवान का नाम तो ले रहे थे परंतु उनका ध्यान कपडों की ओर था । इसलिए जैसे ही देवदास ने पानी में पैर रखा, वह नदी में गिर पड़े । उन्होंने सुनंदा की ओर देखा; परंतु वह तो भगवान की धुन में पानी पर चलकर वेदनगर की ओर बढ रही थी । देवदास का ध्यान ईश?वर से अधिक अपने कपड़ों पर था ।

# विभाजनकारी एजेंडे से बचाए जाएं विश्वविद्यालय

*जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न भारतीय समाज का दुखद पहलू रहा है और आज भी कई क्षेत्रों में इससे मुक्ति नहीं मिली है, परंतु शैक्षणिक संस्थानों में शायद यह समस्या उतनी बड़ी नहीं है। वहां तो विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए युवाओं के बीच आजीवन चलने वाली मित्रता बनती हैं। आंकड़े देखे जाएं तो 2023-24 में 3,000 शिक्षा संस्थानों से 378 ऐसी शिकायत मिली थीं। ऐसे में गंभीर मामलों में पहले से मौजूद कानूनी प्रविधानों के तहत कार्रवाई हो सकती थी और नए विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन आदि से संवेदनशील बनाया जा सकता है। फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय ने इन नियमों को स्थगित कर दिया है, परंतु सवाल सरकार की बुद्धिमत्ता पर उठता है, जो उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के बजाय विश्वविद्यालयों को सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष का मैदान बनाए दे रही है। पश्चिम में यूनिवर्सिटी कैंपसों को संघर्ष एवं क्रांति का मैदान बनाने की कवायद तब से जारी है, जब से मार्क्सवादियों का विश्वास उस सर्वहारा क्रांति से उठा, जिसमें मजदूर वर्ग पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ सत्ता पर नियंत्रण करता। इसके बाद सांस्कृतिक मार्क्सवाद की परिवर्तित अवधारणा ने क्रांति की उम्मीद जातीय, नस्लीय, मजहबी एवं लैंगिक अल्पसंख्यकों की गोलबंदी और उग्र फेमिनिज्म एवं पर्यावरण आदि आंदोलनों को जोड़कर बनाई। फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट फार सोशल रिसर्च नामक संस्थान में प्रथम विश्व युद्ध के बाद इन नव-*



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में उच्च शिक्षा आवंटन को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 55,727 करोड़ कर दिया है। इसके साथ ही प्रमुख औद्योगिक गलियारों में पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप स्थापित कर शैक्षणिक क्षेत्रों को अनुसंधान और उद्योग के साथ एकीकृत करने का प्रस्ताव है। जहां चीन जैसे देश का उच्च शिक्षा बजट भारत से छह गुना अधिक है, वहां यह उतना पर्याप्त तो प्रतीत नहीं होता, किंतु यह सराहनीय है कि इस मोर्चे पर एक पहल तो हुई है। हालांकि आवंटन से परे चिंता की बात यह है कि सरकार विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक परिवेश को लेकर कितनी गंभीर है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के कुछ नियमों ने बीते दिनों समाज के कुछ वर्गों में असंतोष बढ़ाने का काम किया। घोषित रूप से ये नियम शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति एवं महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए बनाए गए थे, परंतु सामान्य वर्ग को इन नियमों के दुरुपयोग का भय था, क्योंकि निगरानी टीमों में सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व की स्पष्ट बात नहीं थी और झूठी शिकायतों पर कार्रवाई का प्रविधान भी नहीं था। इनके दुरुपयोग की आशंका अकारण नहीं थी। एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग के कई मामले सामने आते रहे हैं। जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न भारतीय समाज का दुखद पहलू रहा है और आज भी कई क्षेत्रों में इससे मुक्ति नहीं मिली है, परंतु शैक्षणिक संस्थानों में शायद यह समस्या उतनी बड़ी नहीं है। वहां तो विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए युवाओं के बीच आजीवन चलने वाली मित्रता बनती हैं। आंकड़े देखे जाएं तो 2023-24 में 3,000 शिक्षा संस्थानों से 378 ऐसी शिकायत मिली थीं। ऐसे में गंभीर मामलों में पहले से मौजूद कानूनी प्रविधानों के तहत कार्रवाई हो सकती थी और नए विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन आदि से संवेदनशील बनाया जा सकता है। फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय ने इन नियमों को स्थगित कर दिया है, परंतु सवाल सरकार की बुद्धिमत्ता पर उठता है, जो उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के बजाय विश्वविद्यालयों को सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष का मैदान बनाए दे रही है।

पश्चिम में यूनिवर्सिटी कैंपसों को संघर्ष एवं क्रांति का मैदान बनाने की कवायद तब से जारी है, जब से मार्क्सवादियों का विश्वास उस सर्वहारा क्रांति से उठा, जिसमें मजदूर वर्ग पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ सत्ता पर नियंत्रण करता। इसके बाद सांस्कृतिक मार्क्सवाद की परिवर्तित अवधारणा ने क्रांति की उम्मीद जातीय, नस्लीय, मजहबी एवं लैंगिक अल्पसंख्यकों की गोलबंदी और उग्र फेमिनिज्म एवं पर्यावरण आदि आंदोलनों को जोड़कर बनाई। फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट फार सोशल रिसर्च नामक संस्थान में प्रथम विश्व युद्ध के बाद इन नव-मार्क्सवादी विचारों का जन्म हुआ, लेकिन नाजी शासन में यह संस्थान अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्थानांतरित हो गया।

अमेरिका के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में पैर जमा चुके नव-वामपंथियों ने विश्वविद्यालयों को जब अपना युद्धक्षेत्र बनाया, तब इसमें कुछ भी दबी-छिपी बात नहीं थी। फ्रैंकफर्ट स्कूल के अतिवादी विचारक हर्बर्ट मारक्यूज ने उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से क्रांतिकारी चेतना के प्रसार की वकालत की। इसी विचार के हिमायती रूडी डुट्सके ने 'लांग मार्च थ्रू द इंस्टीट्यूशंस' नामक प्रस्ताव रखा। इन अतिवादी विचारों ने अमेरिकी अकादमिक परिदृश्य को इस कदर बदला कि विश्वविद्यालयों में पारंपरिक सिद्धांतों के पठन-पाठन के लिए कोई जगह नहीं है। उनमें वामपंथी विचारों को ही परोसा जा रहा है। समाज का विश्लेषण नस्लीय सामूहिक पहचानों के माध्यम से करने वाली क्रिटिकल रेस थ्योरी हर पहलू को उत्पीड़क और पीड़ित वर्गों में बांट कर करती है। अमेरिका के सबसे बड़े शिक्षक संघ नेशनल एजुकेशन एसोसिएशन ने दावा किया था कि अमेरिका में होने वाली सैट परीक्षा में अश्वेतों के उत्तीर्ण होने की दर इसलिए खराब है, क्योंकि प्रश्नपत्र श्वेत प्राध्यापक तय करते हैं। राहुल गांधी ने इसी बेतुकी बात को आधार बनाकर कहा कि जेईई परीक्षा में दलित परीक्षार्थियों के कम अंक आने का कारण 'उच्च जाति' के प्राध्यापकों द्वारा प्रश्न पत्र तय करना है। इसी तरह अमेरिकी संस्था 'द सेंटेंसिंग प्रोजेक्ट' समेत अन्य बुद्धिजीवियों ने जेलों में अश्वेत कैदियों की बड़ी संख्या का दोषी श्वेत लोगों द्वारा बनाए गए कानून और न्याय व्यवस्था को बताया। भारत में इसी प्रतिरूप को परिवर्तित कर मुस्लिमों के बड़ी संख्या में जेलों में होने के लिए बहुसंख्यक राजनीति को जिम्मेदार ठहराया जाता है और इस बाबत कई विपक्षी सांसदों ने लगातार प्रश्न उठाए हैं। कई मुस्लिमों ने इन आंकड़ों को मुसलमानों के उत्पीड़न के प्रमाण के रूप में पेश किया है। ऐसा ही आरोप दिल्ली दंगों के आरोपित शरजील इमाम ने भी लगाया था। आज उच्च शिक्षा के भारतीय संस्थानों की रैंकिंग भी निरंतर गिरती जा रही है। नवीनतम क्यूएस रैंकिंग में मलेशिया का प्रदर्शन भी भारत से बेहतर है। जेएनयू में ब्राह्मणों के प्रति हिंसात्मक नारे लग रहे हैं। आइआइटी दिल्ली जैसे संस्थानों में 'हिंदू विहीन भारत की कल्पना' जैसे विषयों पर गोष्ठी आयोजित हो रही हैं। दिल्ली दंगों में जेएनयू और जामिया के कई छात्र आरोपित बनाए गए थे। दो माह पहले जिस विश्वविद्यालय के डाक्टरों ने लाल किले पर बम ब्लास्ट किया था, उस अल फलाह की 2018 से मान्यता समाप्त थी और कोई देखने वाला नहीं था। दूसरी तरफ गिरते शैक्षणिक स्तर और कैंपसों में व्याप्त अराजकता से बेपरवाह यूजीसी जाति-जाति खेलने में लग गई।

## सम्पादकीय

### आठ लाख से ज्यादा लोग लापता, दिल्ली के आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता




देश भर में हर साल बड़ी संख्या में लोग लापता हो जाते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल होती हैं। इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में दिल्ली से आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों ने इस मसले की गंभीरता को फिर से उजागर किया है। मगर हैरत की बात है कि इस आपराधिक समस्या से निपटने के लिए अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई एकीकृत प्रयास होते नजर नहीं आए हैं। यहां तक कि लापता होने की घटनाएं और उनमें से कितने लोगों को ढूंढ़ लिया गया तथा ऐसे मामलों के पीछे किसका हाथ था, इसका एकीकृत राज्यवार ब्योरा भी मुश्किल से दर्ज हो पाता है।

यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को इस मसले पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह इस बात का पता लगाए कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। इसके लिए तमाम राज्यों से ऐसे मामलों की संख्या और कार्रवाई का ब्योरा संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश भी दिया गया है।


गौरतलब है कि देश भर में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर सभी राज्य ऐसी घटनाओं का ब्योरा दर्ज करा सकते हैं। मगर, इस प्रक्रिया में भी सरकारी तंत्र की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में खुद यह बात स्वीकार की है कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। दरअसल, पिछले वर्ष दिसंबर में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल के राष्ट्रव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा था। इससे पहले राज्यों को बच्चों की गुमशुदगी के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद अगर राज्यों की ओर से संबंधित ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, तो इससे सरकारी तंत्र में व्यवस्थागत खामियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसमें दोराय नहीं कि देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में विशेषकर बच्चों, महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की घटनाएं जितनी बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं, उससे इस आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता है कि इसके पीछे देशव्यापी या राज्य स्तरीय गिरोहों का हाथ हो सकता है। इसलिए इस बात की गहन जांच-पड़ताल जरूरी है कि लापता होने की ज्यादातर घटनाओं में किसी तरह कोई समानता तो नहीं है! मगर यह तभी संभव होगा, जब राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मामलों से जुड़े आंकड़ों का संकलन हो पाएगा।

# मनमानी रोकने वाले नए नियम

*हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए ये सभी नियम और दिशानिर्देश मिलकर सरकार की एक साफ मंशा दिखाते हैं-तकनीक का विकास ऐसा हो, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक की गरिमा को बनाए रखने वाले ढांचे के भीतर ही आगे बढ़े। संशोधित इंटरमीडियरी नियमों में पहली बार कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी की एक साफ और व्यावहारिक परिभाषा दी गई है। इसमें वह कंटेंट शामिल है जो इस तरह बनाया या बदला गया हो कि वह असली जैसा लगे या हकीकत से अलग पहचान में न आए, लेकिन इसमें सामान्य और ईमानदार कामों को साफ तौर पर बाहर रखा गया है-जैसे तकनीकी एडिटिंग, दिव्यांगों की सुविधा के लिए किए गए बदलाव, पढ़ाई या शोध से जुड़ी सामग्री और वैध रचनात्मक उपयोग। इससे यह सुनिश्चित होता है कि डिजिटल नुकसान के नए तरीकों से मौजूदा कानूनी*

भारत का डिजिटल सार्वजनिक क्षेत्र एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मशीनी कौशल (एआइ) में हुई प्रगति, खासकर आडियो, वीडियो और आडियो-वीडियो कंटेंट को बनाने और बदलने की तकनीक ने सूचना के सृजन, उपभोग और विश्वास के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जहां ये तकनीक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और लोगों तक पहुंच को बढ़ाती हैं, वहीं ये ऐसे नए खतरे भी पैदा करती हैं जो सीधे तौर पर व्यक्ति की गरिमा, सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े हुए हैं। कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी से पैदा होने वाली खास चुनौतियों को समझते हुए भारत सरकार ने डिजिटल मध्यस्थों (डिजिटल इंटरमीडियरी) से जुड़े कानून और नीतिगत ढांचे को और मजबूत किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन और नवंबर 2025 में इंडिया एआइ मिशन के तहत जारी भारत की एआइ गवर्नेंस गाइडलाइंस, 2025-दोनों को साथ पढ़ने पर सरकार का एक संतुलित और स्पष्ट दृष्टिकोण सामने आता है। इसका मतलब यह है कि वास्तविक नुकसान से निपटने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी जिम्मेदारियां तय की गई हैं और साथ ही जिम्मेदार तरीके से एआइ को अपनाने के लिए नीतिगत सिद्धांत भी तय किए गए हैं।




हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए ये सभी नियम और दिशानिर्देश मिलकर सरकार की एक साफ मंशा दिखाते हैं-तकनीक का विकास ऐसा हो, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक की गरिमा को बनाए रखने वाले ढांचे के भीतर ही आगे बढ़े। संशोधित इंटरमीडियरी नियमों में पहली बार कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी की एक साफ और व्यावहारिक परिभाषा दी गई है। इसमें वह कंटेंट शामिल है जो इस तरह बनाया या बदला गया हो कि वह असली जैसा लगे या हकीकत से अलग पहचान में न आए, लेकिन इसमें सामान्य और ईमानदार कामों को साफ तौर पर बाहर रखा गया है-जैसे तकनीकी एडिटिंग, दिव्यांगों की सुविधा के लिए किए गए बदलाव, पढ़ाई या शोध से जुड़ी सामग्री और वैध रचनात्मक उपयोग। इससे यह सुनिश्चित होता है कि डिजिटल नुकसान के नए तरीकों से मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर ही निपटा जाए, न कि उसे अनौपचारिक या प्लेटफार्म की अपनी माडरेशन व्यवस्था पर छोड़ दिया जाए। इतना ही महत्वपूर्ण यह स्पष्टीकरण है कि मध्यस्थों द्वारा स्वचालित उपकरणों या अन्य उचित तकनीकी उपायों के माध्यम से सद्भावनापूर्वक की गई कार्रवाइयां वैधानिक सुरक्षा को कमजोर नहीं करती हैं। इससे जवाबदेही बनाए रखते हुए अनुपालन को बढ़ावा देने वाला परिवेश मजबूत होता है। संशोधित ढांचे में सबसे बड़ा और अहम बदलाव यह है कि अब सिर्फ नुकसान होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय, पहले से ही रोकथाम पर जोर दिया गया है। जो डिजिटल प्लेटफार्म कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को बनाने या फैलाने में मदद करते हैं, उन्हें ऐसे तकनीकी उपाय अपनाने होंगे, ताकि गैर-कानूनी कंटेंट के बनते समय या फैलते समय ही रोका जा सके। अगर कृत्रिम रूप से बनाया गया कंटेंट कानूनी है तो उस पर साफ और स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही, तकनीकी रूप से संभव होने पर उसके साथ स्थायी मेटाडाटा या स्रोत पहचान से जुड़ी व्यवस्था भी करनी होगी, ताकि यह पता चल सके कि वह कंटेंट कहां से आया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर विपक्ष की अनावश्यक आपत्ति

अमेरिका ने भारत के साथ होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर जारी अपने दस्तावेज में जिस तरह दो बड़े बदलाव किए, उससे भारत के इस पक्ष को ही मजबूती मिली कि इस समझौते के मामले में साझा बयान की बातों को ही महत्व दिया जाए। अमेरिकी दस्तावेज में एक बदलाव यह है कि अमेरिका ने खाद्य एवं कृषि उत्पादों की सूची से दालों को हटा दिया। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया कि भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदने का इरादा रखता है। पहले इस दस्तावेज में कहा गया था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदने का वादा कर रहा है। स्पष्ट है कि वादे और इरादे में अंतर होता है। इसके बाद भी इसमें संदेह है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति का अकारण और अतिरंजित विरोध करने वाले शांत



बैठेंगे। कुछ किसान संगठन और विपक्षी राजनीतिक दलों ने विरोध का झंडा उठा भी लिया है। इसमें हमेशा की तरह कांग्रेस सबसे आगे है। गत दिवस लोकसभा में राहुल गांधी ने व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए यह कहा कि उसने भारत माता को बेच दिया और अमेरिका के सामने पूरी तौर पर समर्पण कर दिया। उन्होंने किसान हितों से लेकर देश की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता करने के भी आरोप लगाए, जबकि किसान हित सुरक्षित हैं और अभी यह स्पष्ट नहीं कि भारत रूस से तेल खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है। अमेरिकी दस्तावेज में बदलाव के बाद यह और आवश्यक हो जाता है कि अगले माह यानी मार्च में होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की प्रतीक्षा की जाए, क्योंकि उसमें ही तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकेगी, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि राहुल गांधी जैसे विरोध के लिए विरोध करने वाले नेता चैन से बैठने वाले नहीं। वे यही प्रचारित करते रहेंगे कि भारत ने अमेरिका के सामने हथियार डाल दिए। गत दिवस उन्होंने यही किया। वे सरकार पर आरोप लगाकर सदन से चलते बने। उन्होंने अपने आरोपों के संदर्भ में सरकार का बयान सुनने की आवश्यकता नहीं समझी। इसका मतलब है कि उनका यही सोचना है कि वे किसी भी मामले में जो कुछ कहें, उसे ही अंतिम सत्य मान लिया जाए। निःसंदेह अमेरिका से होने वाले व्यापार समझौते को लेकर जारी साझा बयान के कुछ बिंदु ऐसे हैं, जिन पर स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है और उन पर बहस भी हो सकती है, लेकिन यदि कोई इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि किसी भी देश के साथ होने वाला व्यापार समझौता पूरी तौर पर भारत के पक्ष में झुका हो तो यह संभव नहीं। द्विपक्षीय समझौते आपसी लेन-देन पर ही आधारित होते हैं। संबंधित देशों को एक-दूसरे के हितों की चिंता करते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होती है। भारत ने यही किया है।

# स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर परिसर में रामकथा आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

## सितंबर में होगी भव्य श्रीराम कथा, मंदिर के दोनों गुम्बजों पर कलश स्थापना का भी निर्णय

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री रघुनाथ जी नाडा बालाजी मंदिर प्रांगण में बुधवार शाम को एक महत्वपूर्ण साधारण सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सियाराम सेवा समिति के अध्यक्ष उतम चंद बियाणी तथा श्री रघुनाथ जी नाडा बालाजी मंदिर समिति अध्यक्ष महेश यादव की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से की गई। बैठक की जानकारी देते हुए महेंद्र पारीक ने बताया कि मंदिर परिसर में 9 सितंबर 2026 से 17 सितंबर 2026 तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन प्रस्तावित है। इसी दौरान मंदिर में निर्मित दोनों गुम्बजों पर कलश स्थापना का भी शुभ कार्य किया जाएगा। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

**रामकथा को भव्य बनाने पर सहमतिः** बैठक में मंदिर पुजारी मनोज स्वामी सहित सभी समिति सदस्यों ने रामकथा आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कथा के दौरान धार्मिक गरिमा व परंपराओं का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया गया। आयोजन के लिए मुख्य यजमान बनाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, ताकि कथा कार्यक्रम अधिक विधिवत व श्रद्धापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

**11 यजमान बनाने के लिए समिति गठितः** सभा में यह भी तय किया गया कि 11 फरवरी 2026 से 11 मार्च 2026 के बीच शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संपर्क कर 11 यजमान बनाए जाएंगे। इसके लिए पाँच सदस्यों की एक विशेष समिति गठित की गई, जो समाज के गणमान्य नागरिकों से संपर्क कर धार्मिक सहभागिता सुनिश्चित करेगी। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से नरेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र पारीक, सत्यनारायण लड्ढा, बाबूलाल कुमावत, महावीर जांगिड़, चुन्नीलाल कुमावत, नरेश बंसल, सितम जोशी, सर्वेश्वर शर्मा, नंदकिशोर स्वामी, अशोक सोनी, घनश्याम गोड, मालचंद जांगिड़, गोपाल राजोरा, कमलेश पारीक, रमेश जांगिड़, बाबूलाल जांगिड़, महावीर शर्मा, नवीन सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभा के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि रामकथा एवं कलश स्थापना कार्यक्रम को धर्म, भक्ति और सामाजिक एकता का भव्य उत्सव बनाया जाएगा। मंदिर परिसर जल्द ही तैयारियों की गतिविधियों से गुलजार नजर आएगा।

## सांगानेर में दो दिवसीय होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कल से

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** मालपुरा हाईवे डिग्गी रोड स्थित मंदरामपुरा सांगानेर के हटवाडा वाली गली, शिवराज कालोनी प्रथम सायपुरा बायपास श्रीराम हास्पिटल व होम्यो एलर्जी रिसर्च सेंटर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर शनिवार और रविवार को लगेगा। हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एम कुमार प्रजापत के अनुसार मंदरामपुरा में डॉ एस.पी अग्रवाल, डॉ किशन, होम्योपैथिक के नेतृत्व में उनकी टीम की ओर से निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं दी जाएगी। शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ.एम कुमार प्रजापत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, पाइल्स, टॉसिल, नासूर, एलर्जी-नजला, एग्जीमा, खाज-खुजली, सोरायसिस, बच्चेदानी की गांठ, ट्यूमर, पित्ती, प्रोस्टेट, दमा आदि के अतिरिक्त स्त्री व बच्चों के रोगों की विशेष चिकित्सा व्यवस्था रहेगी। शिविर सुबह 9.30बजे से शाम 3.30 बजे तक रहेगा। रोगियों को शिविर में दवाइयां व आंखों की जांच निशुल्क की जाएगी। शिविर श्रीराम हॉस्पिटल एलर्जी रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में लगेगा।

## लोकार्पण, प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह कल

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 38 खटीकों का मोहल्ला स्थित खटीक समाज सभा स्थल पर संत श्री दुर्बल नाथ खटीक समाज सेवा समिति के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर शिक्षा सदन का लोकार्पण प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार प्रातः 10:00 बजे होगा। इस मौके पर संत श्री दुर्बल नाथ खटीक सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश बागोरिया ने कार्यकारिणी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी। मीडिया प्रभारी गुलाब बागोरिया ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस पूर्व सांसद उदित राज होंगे, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार बाबूलाल नागर, पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा होंगे।

## चाकसू पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो दिन में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** ग्राम कोथून से 8 फरवरी को चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में चाकसू थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो दिन में आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन बरामद कर लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा के सुपरविजन एवं सहायक पुलिस आयुक्त भवानी सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की। पुलिस ने 11 फरवरी को आरोपी अंकित पुत्र रामप्रसाद, निवासी ग्राम कोथून, को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की पूछताछ जारी है तथा क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का 501 फुट का साफा बंधवाकर भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं के तत्वावधान में विकास पुरुष पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का राजस्थान के बजट में ग्राम महारकला स्थित श्री मालेश्वरनाथ मंदिर के विकास कार्य के लिए 4 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाने पर कावड़ संघ के कार्यकर्ताओं ने 501 फुट का साफा बंधवाकर माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। सुभाष सर्किल से सैकड़ों की संख्या में कावड़ संघ कार्यकर्ता व महारकला वासी जुलूस के रूप में ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पवर्षा व भव्य आतिशबाजी करते हुए कार्यालय पहुंचे। 4 करोड़ के विकास कार्य की घोषणा से सभी का मन प्रफुल्लित था, सभी को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। स्वागत सत्कार में श्री मालेश्वरनाथ मंदिर महारकला महंत महेश व्यास, शिवम व्यास, केदार छीपा, ओम प्रकाश कुमावत, महिला प्रमुख दीपिका पारीक, पूर्व अध्यक्ष रमेश देवंदा, डॉ रमेश देवंदा, रवि सैनी, अविनाश सैनी, अशोक कुमावत, आशुतोष शर्मा, कमल सैनी, अशोक पारीक, महिला मंडल से कांता गुप्ता, सुमन यादव, किरण शर्मा, सीमा बटवाल, सुमन शर्मा, पूनम विजय, मंजू पारीक, मधु छिपा, सुलोचना, टिंकू आदि उपस्थित रहे।

## लॉखना की 19, श्रीरामपुरा स्कूल की 10 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के कस्बा लाखना पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत 19 व श्रीरामपुरा स्कूल की 10 छात्राओं को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। लॉखना स्कूल प्रिंसिपल दिलीप कुमार महावर और श्रीरामपुरा स्कूल प्रिंसिपल प्रकाश सिंह राजावत ने बताया कि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देना और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने राज्य सरकार की अन्य योजनाओं जैसे स्कूटी योजना, गार्गी पुरस्कार व टैबलेट वितरण योजना की भी जानकारी दी। साइकिल मिलने से छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में समय की बचत होगी तथा नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में लॉखना पंचायत संरपच मनभर देवी बैरवा, वार्डपंच छीतर मल बैरवा, एसडीएमसी सदस्य हनुमान शर्मा, रामदयाल बैरवा जनप्रतिनिधि, एसडीएमसी सदस्य, विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ का रक्तदान शिविर, 510 यूनिट रक्त संग्रह

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल की ओर से गुरुवार को गणपति नगर कम्युनिटी हॉल में केशव एच. कुलकर्णी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 510 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन संघ के ज़ोनल महामंत्री विनोद मेहता व मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन ने किया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) गौरव गौड़, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) असफाक हुसैन अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सतेंद्र यादव, चिकित्सा निदेशक डॉ. वासुदेवन, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक निखिल गर्ग, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. मटोरिया, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक विनोद मीणा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता प्रमोद रावत, वरिष्ठ मंडल अभियंता (संपदा) धीरज चित्रोल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शाह, वरिष्ठ मंडल दूरसंचार अभियंता ललित कुमार बघेरवाल सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। रक्त संग्रहण में संतोकबा दुर्लभजी ब्लड बैंक, राजकीय जयपुरिया अस्पताल, अपैक्स हॉस्पिटल और स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की टीमों ने सहयोग किया। शिविर के दौरान आनंद डेंटल क्लीनिक की ओर से निशुल्क दंत जांच एवं दवा वितरण भी किया गया। संघ के जयपुर मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बताया कि यह शिविर हर वर्ष आयोजित किया जाता है और व्यस्त दिनचर्या के बीच रेलकर्मियों के लिए समाज सेवा का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। मंडल प्रवक्ता अनिल चौधरी के अनुसार, इस बार शिविर ऐतिहासिक रहा। स्वैच्छिक रक्तदान के लिए 1000 से अधिक रेलकर्मियों ने पंजीयन कराया, जबकि 510 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। शिविर में दिनभर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर कर्मियों का मनोबल बढ़ाया। रक्तदाताओं के लिए भोजन, नाश्ता, चाय, कॉफी, फल, जूस व स्मृति उपहार की व्यवस्था की गई। संघ के मंडल पदाधिकारियों व शाखा प्रतिनिधियों के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### जनसुनवाई में प्रशासन सख्तः समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

## जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत व एसपी ऋचा तोमर ने कुचामन में सुनी आमजन की पीड़ा

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** नगर परिषद कुचामन के सभागार में गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर भी मौजूद रहीं। इस दौरान कुचामन शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण, विद्युत व्यवस्था, सड़क मरम्मत, शहर में चल रहे रूडीप कार्यों, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित कई परिवाद सामने आए। जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक होने पर स्थल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. खड़गावत ने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासनिक अमले को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने पर बल दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने पुलिस अधिकारियों को प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय रखते हुए नियमित गशत बढ़ाने, साइबर अपराधों पर नियंत्रण और नशे की प्रवृत्ति पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी विश्वामित्र मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा, नगर परिषद आयुक्त शिकेश कांकरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गिरिराज पूजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### श्रद्धालुओं को दिलाया प्रकृति रक्षा का संकल्प

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर(निस)।** जगन्नाथपुरा में 8 फरवरी से चल रहे भागवत रस वर्षण के पांचवें दिवस पर गुरुवार को गिरिराज धरण पूजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य श्री श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने प्रभु श्री गिरिराज जी का विधिवत पूजन कर श्रद्धालुओं को कृष्ण की बाल लीलाओं का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रकृति का पूजन आवश्यक है। श्रीजी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया कि वे प्रकृति को भगवान का स्वरूप मानकर उसकी रक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपनी प्रजा को यही संदेश दिया था कि जो गोवर्धन पर्वत हमारी रक्षा करता है, उसकी पूजा करनी चाहिए। जब इंद्रदेव ने क्रोधित होकर अतिवृष्टि की, तब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर प्रजा की रक्षा की। आज भी करोड़ों श्रद्धालु हर माह गिरिराज जी की परिक्रमा करते हैं। निम्बार्क परिकर सर्वेश्वर शर्मा ने कहा कि आज मानव स्वार्थवश प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत में क्षति, अनियंत्रित बर्फबारी, अतिवृष्टि और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण ही मानवता की रक्षा का मार्ग है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट जनों ने श्रीजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीजी महाराज के निजी परिकर ओम प्रकाश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करवाकर गुरुदेव से आशीर्वाद दिलवाया तथा दिव्य आरती व भोग की व्यवस्था कराई। कथा के पश्चात आयोजन से जुड़े नाथू लाल शर्मा ने टीम सहित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित कराई। आयोजक हनुमान कंडीरा ने सपरिवार आरती की।

आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को कथा में महारास व रुक्मणी मंगल का दिव्य आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा।

## किसानों के लिए आमदनी की असीम संभावनाओं के द्वार खोलेगा आंवला

### जिला स्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व प्रदर्शनी आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर जिले में कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन की ओर से 13 फरवरी को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच गौरव योजना के अंतर्गत 'एक जिला-एक उपज' आंवला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संपन्न होगा। यह सम्मेलन किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करण इकाइयों और उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां आंवला उत्पादन से जुड़े विभिन्न आयामों पर संवाद स्थापित होगा तथा उत्पादकों को विपणन के नए अवसर प्राप्त होंगे। सम्मेलन में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक किसान, क्रेता, एफपीओ प्रतिनिधि, व्यापारी व कृषि उद्यमी भाग लेंगे। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय कृषि उत्पादों की विशिष्ट पहचान को बढ़ावा देने के लिए जयपुर जिले की पंच गौरव उपजों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इन स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक कृषि उत्पादों के साथ-साथ उनके मूल्यवर्धित स्वरूप को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार विस्तार को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि प्रदर्शनी में आंवला से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों जैसे मुरब्बा, कैंडी, जूस, चूर्ण और औषधीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही आधुनिक कृषि उपकरणों, प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग, भंडारण व गुणवत्ता संवर्धन से जुड़े नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कृषि व उद्यानिकी विशेषज्ञ किसानों को उन्नत उत्पादन तकनीकों, गुणवत्ता मानकों, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और बाजार रणनीतियों की जानकारी देंगे। यह सम्मेलन न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित यह पहल पंच गौरव योजना को जमीनी स्तर पर साकार करने के साथ-साथ जयपुर जिले को कृषि नवाचार और मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी।

## अतिक्रमणों पर जेडीए का चला पीला पंजा, 6 बीघा में बस रहीं दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

### कई जोनों में अतिक्रमण हटाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने गुरुवार को शहर में व्यापक कार्रवाई करते हुए करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया। साथ ही विभिन्न जोनों में सड़क सीमा, सरकारी नाले और जेडीए भूखंडों पर किए गए अतिक्रमण भी हटाए गए। महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के निर्देशन में जोन-14 क्षेत्र के ग्राम रामसिंहपुरा और बैरवाओं की ढाणी में करीब 2 बीघा तथा 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण कर बसाई जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। यहां प्लॉटों की बाउंड्रीवाल, ट्रीगार्ड, ग्रेवल सड़कें और अन्य निर्माण जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिए गए। इससे अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास विफल कर दिए गए।

### सड़क सीमा और सरकारी भूमि कराई मुक्तः

जोन-14 के सचिवालय नगर में सड़क सीमा पर बनाई गई बाउंड्रीवाल व डाले गए पत्थर-मलबे को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जोन-22 में जेडीए की योजना रोहिणी नगर स्थित भूखंड संख्या 269 पर अवैध रूप से निर्मित सीमेंट ब्लॉक की चारदीवारी और पिलर तोड़कर भूमि को मुक्त कराया गया। इसी प्रकार जोन-9 के चक गैटोर क्षेत्र में सरकारी नाले की भूमि पर बनी बाउंड्रीवाल, लोहे का गेट, झाड़ियां और मिट्टी की डोल हटाई गई। जोन-3 में लालकोठी योजना के पास, विधानसभा के दक्षिण में मुख्य मार्ग पर सड़क सीमा में रखे कबाड़, फर्नीचर और लकड़ी हटाकर मार्ग को साफ कराया गया। कार्रवाई उपनियंत्रक प्रवर्तन द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, संबंधित प्रवर्तन अधिकारियों, लेबर गार्ड और राजस्व व तकनीकी स्टाफ की मौजूदगी में की गई। जेडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

## 73 हजार 200 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 10 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अवधपुरी शमशान घाट के सामने धावास, अक्षयपात्र जगपुरा रोड़, महल रोड़ व सेक्टर 26 प्रताप नगर, बड़ी चैपड़, त्रिपोलिया बाजार, चैड़ा रास्ता, छोटी चैपड़, चांदपोल बाजार, किशनपोल रोड, सांगानेरी गेट, अजमेर रोड, एम.आई. रोड, एन.बी.सी. रोड, बापू बाजार, सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन क्षेत्र, सिंधी कैंप, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन, न्यू सांगानेर रोड, मोती नगर गुर्जर की थड़ी, न्यू आतिश मार्केट, होटल देव विलास के पीछे, सूरजपोल गेट, गलता गेट, दिल्ली बायपास रोड, ब्रह्मपुरी, रामगढ़ मोड़, नाहरगढ़ रोड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 73 हजार 200 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 10 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अवधपुरी शमशान घाट के सामने धावास, अक्षयपात्र जगपुरा रोड़, महल रोड़ एवं सेक्टर 26 प्रताप नगर, बड़ी चैपड़, त्रिपोलिया बाजार, चैड़ा रास्ता, छोटी चैपड़, चांदपोल बाजार, किशनपोल रोड, सांगानेरी गेट, अजमेर रोड, एम.आई. रोड, एन.बी.सी. रोड, बापू बाजार, सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन क्षेत्र, सिंधी कैंप, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन, न्यू सांगानेर रोड, मोती नगर गुर्जर की थड़ी, न्यू आतिश मार्केट, होटल देव विलास के पीछे, सूरजपोल गेट, गलता गेट, दिल्ली बायपास रोड, ब्रह्मपुरी, रामगढ़ मोड़, नाहरगढ़ रोड से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 10 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 73 हजार 200 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# 'भागम भाग 2' में हुई मनोज बाजपेयी की एंट्री! गोविंदा को करेंगे रिप्लेस?

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

## गोविंदा की जगह लेंगे मनोज



एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है। मनोज बाजपेयी फिल्म में गोविंदा की जगह लेंगे। यह खबर हाल ही में सामने आई है। 'भागम भाग' में गोविंदा के किरदार को काफी पसंद किया गया था। उनकी कॉमिक टाइमिंग वैसे भी काफी पसंद की जाती है। ऐसे में अब गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी को लेना, कितना कारगर रहेगा ये तो फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल अभी तक मेकर्स की ओर से 'भागम भाग 2' की कास्ट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## राज शांडिल्य करेंगे निर्देशन

फिल्म को लेकर अभी तक आ रहीं खबरों के मुताबिक, सीक्वल का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे और इसकी कहानी भी पहचान को लेकर होने वाली गलतफहमी पर आधारित होगी। जबकि 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी अक्षय कुमार के साथ मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी। जबकि मनोज बाजपेयी के अपोजिट नजर आने वाली हीरोइन की तलाश अभी जारी है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने से मुंबई में शुरू होने की खबरें हैं।



# अनुभव सिन्हा की इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी तापसी

तापसी पन्नू निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है—और इसकी शुरुआत आज जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई। फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के




कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोजाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोजिशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है। तापसी पन्नू के साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा की विशेष प्रस्तुतियाँ फिल्म की रोमांचक गहराई को और बढ़ाती हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज प्रस्तुत अस्सी , बेनारस मीडिया वर्क्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है और निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने किया है। अस्सी 20 फरवरी 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज होगी।



# सई मांजरेकर ने साझा किया 'द इंडिया हाउस' का अनुभव


भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्मों में काम करना जितना रोमांचक होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इस कड़ी में अभिनेत्री सई मांजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी बिजी हैं। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में एक साथ शूट की जा रही है। सई का कहना है कि इस तरह की फिल्म में काम करने के लिए कलाकार को हर समय भावनात्मक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। सई मांजरेकर ने कहा, ''द इंडिया हाउस' मेरे लिए अब तक का अलग अनुभव रहा है। जब एक ही सीन को दो भाषाओं में शूट किया जाता है, तो कलाकार को भाषा की लय, भाव और भावनात्मक गहराई को बारीकी के साथ समझना पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही सीन पहले एक भाषा में और तुरंत बाद दूसरी भाषा में करना होता है, जिससे कलाकार को हर पल सतर्क रहना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ''इस तरह की फिल्मों में अभिनय का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। यहां सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से कहानी को आगे बढ़ाना होता है। हर भाषा की अपनी एक संवेदना होती है और उसी के अनुसार किरदार की भावनाएं भी बदलती हैं। ऐसे में कलाकार को अपने अभिनय को बार-बार ढालना पड़ता है, ताकि किरदार हर भाषा में उतना ही सच्चा लगे।''

सई ने कहा, ''मेरी पिछली फिल्म 'मेजर' की शूटिंग का अनुभव इस फिल्म में काफी काम आया। उस फिल्म से मुझे यह समझने में मदद मिली कि द्विभाषी फिल्मों की शूटिंग कैसे होती है और कलाकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि हर प्रोजेक्ट की अपनी अलग पहचान और चुनौतियां होती हैं। 'द इंडिया हाउस' की कहानी और उसका ऐतिहासिक संदर्भ इसे बाकी फिल्मों से अलग बनाता है।''

'द इंडिया हाउस' फिल्म में सई मांजरेकर 'सती' नाम की महिला का किरदार निभा रही है। इस पर सई ने कहा, ''सती का किरदार निभाने के लिए मुझे उस समय के माहौल, सोच और भावनाओं को गहराई से समझना पड़ा। सती बाहर से शांत दिखाई देती है, लेकिन उसके भीतर साहस, दर्द और संघर्ष छिपा है। इन भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के दर्शकों तक पहुंचाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।'' पैन-इंडिया फिल्मों की खास बात बताते हुए सई ने कहा, ''ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करने का सबसे अच्छा पहलू टीमवर्क होता है। सेट पर अलग-अलग राज्यों और भाषाओं से आए कलाकार और तकनीशियन एक साथ काम करते हैं। सबका लक्ष्य कहानी को ईमानदारी से पर्दे पर उतारना होता है। यह सामूहिक भावना कलाकार को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।''

सई ने अपने सह-कलाकार निखिल सिद्धार्थ, निर्देशक वामसी और पूरी टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''सेट पर काम करने का माहौल बेहद सकारात्मक और कहानी पर केंद्रित रहता है। जब निर्देशक और पूरी टीम कहानी को लेकर गंभीर होती है, तो कलाकार भी अपने किरदार में और गहराई से उतर पाता है।''

# आदित्य के साथ हॉरर थ्रिलर बनाएंगे करण जौहर



धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले करण जौहर एक नई हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म पूरी तरह प्योर हॉरर जॉनर की होगी और इस वक्त कास्टिंग स्टेज में है। इससे पहले करण, कार्तिक आर्यन के साथ क्रिएचर कॉमेडी 'नागजिला' और एक क्रिएचर थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि इस हॉरर थ्रिलर में आदित्य रॉय कपूर को लीड रोल के लिए लॉक कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, आदित्य ने स्क्रिप्ट पढ़ते ही प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी। यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट पर आधारित फिल्म है और धर्मा प्रोडक्शंस को इसके थिएट्रिकल पोटेंशियल पर पूरा भरोसा है। इस फिल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने की तैयारी है। एक टॉप टियर फीमेल लीड को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है।



# ऋतिक की 'कृष 4' में फाइनल चोपड़ा की एंट्री हुईं प्रियंका



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार... 'प्रियंका को ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म 'कृष 4' में फीमेल लीड के रूप में फाइनल कर लिया गया है। प्रियंका ने इस फ्रेंचाइज की पिछली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसके बाद उन्होंने हॉलीवुड की ओर फोकस किया और अपने पर्सनल लाइफ, खासकर शादी में बिजी हो गई थीं। फिल्म 'वाराणसी' का शूट पूरा करने के बाद प्रियंका 'कृष 4' की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि अभी मेकर्स या प्रियंका की तरफ़ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। 'कृष 4' को ऋतिक 700 करोड़ रुपए के बजट पर बनाना चाहते हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट भी खुद ऋतिक करेंगे। बता दें कि 2003 में राकेश के निर्देशन में साइंस फिक्शन फिल्म 'कोई.... मिल गया' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया। 'कोई मिल गया' के बाद आई 'कृष', यह भी सुपरहिट रही। फिर राकेश रोशन ने 'कृष 3' के लिए लंबा इंतजार करवाया। 2006 में 'कृष' की सफलता के बाद 'कृष 3' 2013 में आई। इसमें विवेक ओबेरॉय विलेन बने थे। इस फिल्म के अलावा प्रियंका इन दिनों अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ महेश बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी।

# सुनील शेट्टी ने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर बात की



अहान शेट्टी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब अहान शेट्टी की फिल्म 'सनकी' के बंद होने की चर्चाएं एक बार फिर से उठी हैं। दरअसल, इस फिल्म के बंद होने की वजह अहान शेट्टी के सपोर्टिंग स्टाफ पर आने वाले अधिक खर्च को बताया गया था। कई रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि अहान शेट्टी के सहयोगी स्टाफ पर अधिक खर्च आने के कारण मेकर्स ने 'सनकी' फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब इन चर्चाओं पर अहान के पिता व अभिनेता सुनील शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है।

## प्रोड्यूसर ने फैलाई अफवाहें

2021 में अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के रिलीज होने के बाद उनकी अगली फिल्म 'सनकी' को अचानक रोक दिया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फैसला अहान के साथ आए लोगों के कारण कथित तौर पर हुए खर्चों से बढ़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। अब लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में अभिनेता सुनील शेट्टी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर भी बात की। सुनील शेट्टी ने कहा कि अहान ने कभी भी अपने साथ आए लोगों को हद से ज्यादा नहीं रखा। ये सब अफवाहें हैं। ये अफवाहें निर्माता की सुविधा के लिए फैलाई गई हैं। अगर निर्माता कहता है कि वह बिल दिखा सकता है, तो मैं देखूंगा। ऐसे में पिता को दखल देना पड़ता है और मैं साफ तौर पर दखल दूंगा। अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए झूठ मत फैलाओ, क्योंकि यह अहान के साथ नाइंसाफी है।


## अहान खुद उठाते हैं अपने स्टाफ का खर्च

सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान अपने साथ आने वाले लोगों को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। अगर वे उनके साथ आते हैं, तो उनका खर्च वही उठाते हैं। उन्हें इस बात का पूरा एहसास है। जब सुनील शेट्टी घर से खाना-पानी लाते हैं, तो मेरे स्टाफ को कहा गया है कि अगर आप यूनिट का खाना खा रहे हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर आप बाहर से खाना मंगवाना चाहते हैं, तो बिल मेरे नाम से बनवाएं, निर्माता के नाम से नहीं। मेरा स्टाफ ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता, इसलिए अहान का स्टाफ तो ऐसा बिल्कुल नहीं करेगा। अहान तो अभी-अभी इंडस्ट्री में आए हैं। यह उनका इंडस्ट्री में जमने का समय है, इसलिए कोई नखरे नहीं चलेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता।

## कई रिपोर्ट्स में इन कारणों का भी किया गया जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि साजिद नाडियाडवाला ने शुरू में 'सनकी' को आगे बढ़ाया था और प्राइम वीडियो के साथ एक बड़ा डिजिटल सौदा भी किया था। हालांकि, इस सबके बावजूद सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स से कम कमाई के कारण प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर अहान के सपोर्ट स्टाफ का अत्यधिक खर्च भी इसका कारण बना। लेकिन अब सुनील शेट्टी ने अहान के सपोर्ट स्टाफ के खर्च की बात को झूठा करार दिया है।

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई एक्शन-रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद लगभग चार साल से अधिक समय तक वो बड़े पर्दे से दूर रहे। अब इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' अहान की दूसरी फिल्म है। फिल्म में उन्होंने नेवी ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अहान के काम को भी पसंद किया गया है।



# पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कोतवाली धौलपुर का किया औचक निरीक्षण

## कोतवाली, मालखाना, रिकॉर्ड का अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील और जनहितैषी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस ने कोतवाली पुलिस थाना धौलपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, रसोईघर, पुलिस बैरकों सहित संपूर्ण थाना परिसर की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिए। उन्होंने मालखाना के निरीक्षण के दौरान जब्त किए गए सामान की स्थिति, सुरक्षा और रिकॉर्ड व्यवस्था की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मालखाने में पारदर्शिता और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा रिकॉर्ड पूरी तरह अद्यतन रखे जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या



अनियमितता को किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना परिसर के रसोईघर का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता और रसोई की स्वच्छता का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्यवर्धक, स्वच्छ और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के आवास (बैरकों) की स्थिति का भी उन्होंने गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पुलिसकर्मियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए थाने में खेलकूद और मनोरंजन की सुविधाएं जल्द शुरू की जाएं, जिससे तनावमुक्त और प्रेरणादायक वातावरण बन सके। आमजन के साथ पुलिस के व्यवहार पर जोर देते हुए कहा कि थाने में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और संवेदनशीलता का पात्र है। चाहे वह शिकायतकर्ता हो, गवाह या कोई आगंतुक पुलिसकर्मियों को जनसेवक की भावना के साथ व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना आमजन के लिए भरोसे और न्याय का पहला दरवाजा है, इसलिए व्यवहार में नरम स्वभाव और सहानुभूति अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को रिकॉर्ड अद्यतन व व्यवस्थित रखे जाएं, शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित हो, परिसर की स्वच्छता बनी रहे और महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों के साथ विशेष संवेदनशीलता का व्यवहार किया जाए। साथ ही, आमजन से संवाद व विश्वास बढ़ाने के प्रयासों को भी प्राथमिकता दी जाए आदि के सम्बन्ध में भी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि 'जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है। इसे बनाए रखने के लिए प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपनी ड्यूटी पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ निभानी चाहिए। पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए, जिससे जनता खुद को सुरक्षित, सम्मानित महसूस करे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड, कोतवाली थानाधिकारी वीरेन्द्र मीणा, सागर पाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक सिंह सहित थाना का स्टाफ उपस्थित रहें।

## महाशिवरात्रि मेले को लेकर एसडीएम ने किया मौका निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तिलस्वां महादेव में सात दिवसीय महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां को लेकर मेला मजिस्ट्रेट व उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मेला ग्राउंड व कुंड की पाल का मौका निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में इस बार मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु अहीर समाज के दरवाज़े से प्रवेश कर पूर्व दिशा की ओर शिवचौक से बाहर निकलेंगे। वहीं मेले में आने वाले साधु-संतों के लिए कुंड की पाल पर व्यवस्था की जाएगी। उपखंड अधिकारी ने बताया कि इस बार मेले लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाएंगी। किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को लेकर अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह, तहसीलदार ललित डिडवानिया, सीआई स्वागत पांडे, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर लाल बैरवा, गिरदावर संजय पाराशर, मुख्य पुजारी घनश्याम पाराशर, सार्वजनिक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र धाकड़, कास्या पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई नरेश सुखवाल, ग्राम पंचायत सचिव छुटन शर्मा व पटवारी दीपक धाकड़ मौजूद रहे।

## बिजौलियां आगमन के लिए जैन मुनि संघ से किया आग्रह



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** दिगंबर जैन समाज के महिला मंडल और नवयुवक मंडल ने गुरुवार को कोटा में दिगंबर जैन मुनि योगसागर महाराज ससंघ को बिजौलियां दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र पर 7 मार्च को केवल ज्ञान दिवस पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में पधारने के लिए निवेदन किया और श्रीफल भेंट किया। नवयुवक मंडल में पंकज हरसोरा, विवेक हरसोरा, आशीष जैन, शुभम लुहाड़िया, कस्तूरचंद जैन और महिला मंडल में शांता काला, नेहा काला मौजूद रहे। वहीं 2 दिन पूर्व दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश काला, गुलाबचंद सेठिया, सुरेश लुहाड़िया, चांदमल अजमेरा व उम्मेदमल हरसोरा की ओर से भी दिगंबर जैन मुनि संघ को बिजौलियां आगमन के लिए निवेदन किया गया था।

## ऑपरेशन शिकंजा: फायरिंग कांड में हथियार सप्लायर सद्दाम गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भरतपुर रेंज के महानिरीक्षक कैलाश चंद विश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत बाड़ी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार व वृताधिकारी महेन्द्र मीणा के सुपरविजन में थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर 2025 को किला गेट बाड़ी के पास अधिवक्ता रामनिवास पर जान से मारने की नीयत से फायर कर मारपीट की गई थी। इस मामले में पूर्व में आकाश यादव, सनी यादव व साजिद मनीष को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना में प्रयुक्त हथियार की सप्लाई करने के आरोपी सद्दाम उर्फ सद्दा को 11 फरवरी 2025 को बांरा जेल से गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ जारी है। इसी क्रम में तिलुआ का अड्डा के पास से आरोपी आमिर को अवैध शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 40 पव्वा अवैध शराब बरामद की गई। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। ऑपरेशन शिकंजा के तहत हत्या के प्रयास के मामले में तीन वर्ष से फरार स्थायी वारंटी राजू को गांव पाली के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य स्थायी वारंटी का निस्तारण भी किया गया। इसके अलावा कस्बा बाड़ी में शांतिभंग के आरोप में दो मुल्जिमों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड़ की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## धौलपुर में बस स्टैंड व बाजार क्षेत्रों से हटाए अस्थायी कब्जे

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए नगर परिषद और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान बस स्टैंड, संता रोड, रोड मंडी और चूड़ी मार्केट क्षेत्र में जेसीबी मशीन की सहायता से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि इन क्षेत्रों में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसी समस्या के समाधान के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कई दुकानदारों व ठेला संचालकों को समझाइश भी दी गई है, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक श्रीवास्तव ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद संबंधित क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू होने की उम्मीद जताई जा रही है।




# धौलपुर बार ने राजाखेड़ा बार को 6 विकेट से हराया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से बार बेंच के बीच स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय स्पोर्ट्स वीक में क्रिकेट मुकाबले में धौलपुर बार ने राजाखेड़ा बार को 6 विकेट से पराजित किया। प्रतियोगिता के अतिथि राजाखेड़ा बार अध्यक्ष रामचरित्र शर्मा ने कहा कि जिले में पहली बार अधिवक्ताओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से कराया जा रहा है। जिसमें अधिवक्ता खिलाड़ी अपने खेलों में हुनर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से अधिवक्ताओं को स्ट्रेस से मुक्ति मिलती है और मानसिक विकास में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने धौलपुर अभिभाषक संघ को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शरीफ़ ख़ान एडवोकेट ने कहा कि बार और बेंच के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें अधिवक्ता न्यायिक अधिकारी व न्यायिक कर्मचारी पूरे मनोयोग्य के साथ अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकास के लिए खेल एक बेहतर व्यायाम का विकल्प हो सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से खेलना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव ने कहा कि धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न खेलों का




आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें अधिवक्ता अपने पसंदीदा खेलों में भागीदारी निभा रहे हैं। अभिभाषक संघ धौलपुर की यह पहला अनुकरणीय है। इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहने चाहिए। इसमें खिलाड़ियों को अपने खेल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र सिंह राना मैं कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से आपसी सामंजस स्थापित होता है और संबंधों में मधुरता आती है। परस्पर सहयोग की भावना का विकास होता है। इसलिए इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में न्यायिक कर्मचारी एकादश ने अधिवक्ता एकादश को शानदार मुकाबला में सुपर ओवर में पराजित किया। कैरम प्रतियोगिता में रोहित कुमार विजेता अंकित सक्सेना उपविजेता रहे ।जैवलिन महिला वर्ग थ्रो में कुमारी शिवानी शर्मा विजेता कुमारी वीनू उपविजेता रही। डिस्क थ्रो में कीर्ति राजावत विजेता, प्रज्ञा शर्मा उपविजेता रही। गोला फेंक में प्रज्ञा शर्मा विजेता व कीर्ति राजावत उपविजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मोहम्मद जाकिर हुसैन, रवि भवन त्रिवेदी, विमल शर्मा, सौरभ गुर्जर, गौरव वर्मा, पूजा नरसल व शांति रही। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, संयुक्त सचिव ब्रजेश सिंह बघेला, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल, ऑडिटर विवेक व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार, पशु क्रूरता, अवैध खनन व रेता परिवहन में कई गिरफ्तार

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मनियां थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार, पशु क्रूरता, अवैध रेता परिवहन व अवैध पत्थर खनन के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद के सुपरविजन में थानाधिकारी नीरज शर्मा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 10 फरवरी 2026 को मुखबिर सूचना पर सोनवीर पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी कृपा का पुरा थाना मनियां को एक अवैध 315 बोर कट्टा सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में 11 फरवरी 2026 को चौकी बरैठा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान दो कैन्ट्रा वाहनों में भैंसों को क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर कट्टीघर ले जाते पकड़ा गया। एक वाहन से 14 व दूसरे से 17 भैंस बरामद की गईं। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर चालक व मालिकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।


## आवश्यक सूचना

**काउंसलिंग**
राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर द्वारा आयुर्वेद नर्स/कम्पाउन्डर DAN&P में प्रवेश हेतु दिनांक 18/02/2026 को इच्छुक अभ्यर्थियों की संस्था स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की जायेगी।
**समय -** 9 am to 5 pm
**योग्यता -** 12 वीं उत्तीर्ण ( किसी भी संकाय में )
**न्यूनतम उम्र -** 17 वर्ष (31/12/2025 तक )

मनसा आयुर्वेद नर्स/ कम्पाउन्डर प्रशिक्षण केन्द्र चूरू
Run by - CJRM School, भालेरी रोड़, चूरू
सम्पर्क- 7737828272, 9829076562


## वायरल फोटो से सुमेरपुर की सियासत में भूचाल

# कुमावत समाज के 4 चेहरे बने 'किंगमेकर', टिकट पर चुप्पी से बढ़ी बेचैनी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सुमेरपुर की राजनीति में एक वायरल तस्वीर ने हलचल मचा दी है। तस्वीर में भाजपा से जुड़े नारायण कुमावत और कांग्रेस नेता सत्यप्रकाश पटेल गहन चर्चा करते नजर आ रहे हैं। फोटो सामने आते ही दोनों प्रमुख दलों में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं और टिकट वितरण को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कुमावत समाज से जुड़े नारायण कुमावत, दिनेश कुमावत और भावेश कुमावत लंबे समय से वैचारिक और संगठनात्मक स्तर पर सक्रिय रहे हैं। वहीं सत्यप्रकाश पटेल कांग्रेस संगठन में मजबूत पकड़ और युवा कार्यकर्ताओं के बीच प्रभावशाली चेहरा माने जाते हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ये चारों नाम केवल संभावित दावेदार नहीं, बल्कि वोट ट्रांसफर क्षमता' रखने वाले नेटवर्क के केंद्र हैं। कहा जा रहा है कि टिकट को लेकर बढ़ता असमंजस अब शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच चुका है।



यदि समय रहते स्पष्ट संकेत नहीं मिले, तो दोनों दलों को सामाजिक समीकरणों और अंदरूनी असंतोष का सामना करना पड़ सकता है। सुमेरपुर की सियासत में यह सवाल अब खुलकर उठने लगा है, क्या इस बार कुमावत समाज निर्णायक भूमिका में होगा? आने वाले दिनों में टिकट पर फैसला न सिर्फ उम्मीदवार तय करेगा, बल्कि क्षेत्र की राजनीतिक दिशा भी।

# एमसैंड के बढ़ावे को लेकर ठोस कार्य योजना की दरकार

## बिजौलियां समेत जिले में 50 से अधिक प्लांट लगने की संभावना

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राज्य सरकार की ओर से हाल ही में पेश किए गए बजट में सरकारी कार्यों में 50 फीसदी तक एमसैंड उपयोग की बात तो दोहराई लेकिन एमसैंड के बढ़ावे को लेकर पिछले 5 सालों में धरातल पर कोई ठोस कार्य योजना अमल में नहीं लाई गई और न ही अभी तक एमसैंड उत्पादकों की तरफ से की गई मांगों पर सरकार की ओर से कोई ध्यान दिया गया हैं।ऊपरमाल पत्थर खान व्यवसायी संघ के प्रवक्ता रामप्रसाद विजयवर्गीय ने बताया कि एमसैंड को सरकारी विभागों की बीएसआर में नहीं जोड़ा गया तथा न हीं वर्कऑर्डर में सभी विभाग एमसैंड को दर्शाते हैं।एमसैंड नीति बनाने वाले खान विभाग ने भी अभी तक किसी भी ठेकेदार का इस तरह से असेसमेंट नहीं किया जो



यह बता सके कि उन्होंने एंम सैंड का उपयोग किया हैं। जानकारी के अनुसार सिर्फ आंकड़े जारी करने के लिए जिन क्रेशर वालों ने एमसैंड प्लांट नहीं लगा रखे हैं उनको भी टीपी काटने की परमिशन दे रखी हैं। जिससे कागजों में एमसैंड का उत्पादन तो दिखता है लेकिन हकीकत में उपयोग या तो क्रशर डस्ट का हो रहा है या फर्जी टीपी कट रही हैं। सरकार अगर एमसैंड की उपयोगिता पर गम्भीरता से काम करें तो बिजौलियां समेत भीलवाड़ा जिले में पचास से भी अधिक प्लांट लगने की संभावना हैं। खदानों से निकले मलबे का उपयोग होने के साथ ही बजरी का सस्ता विकल्प भी लोगों को मिल सकता हैं। इससे बजरी को लेकर आ रही परेशानियां तो दूर होगी ही हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।


**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक (वन संवर्धन) एवं स्टेट सिल्वीकलचरिस्ट राजस्थान जयपुर**
ग्रास फार्म नर्सरी, खातीपुर रोड जयपुर-302012, फोन नं. 0141-2350662
(Email.ccf.silva forest @ rajasthan.gov.in)
क्रमांकः-एफ06( )विकास / मुवसं / सिल्वा / 2025-26/487 दिनांक :- 06.02.26

**निविदा आमंत्रण सूचना / 2025-26**

इस कार्यालय के अधीन रेंज ग्रास फार्म नर्सरी खातीपुरा रोड जयपुर हेतु रेंज कार्यालय एवं परिसर मे स्थित विश्राम गृह का भवन संधारण कार्य भवन संधारण मद में अनुभवी / अधिकृत / रजिस्टर्ड / एवं सेवा कर (Goods & Service Tax) में पंजीकृत फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में हेतु निविदानिम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (समस्त कर सहित) | बोली प्रतिभुति राशि | बोली शुल्क | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | निविदा कार्यालय में जमा कवाने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूट ट्रेनर (1585 नग) 250 सीसी के 500 नग 150 सी सी के 1085 नग कार्य (संलग्न जी शिड्यूल के अनुसार) | 249450/- | 4990/- | 200/- | 06.02.2026 | 13.02.2026 1.30 पी0एम0 | 13.02.2026 03.00 P.M बजे से |

निविदा से संबंधित वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN. FOR2526A3905
DIPR/C/2950/2026
उप वन संरक्षक,
अनुसंधान जयपुर



**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक (वन संवर्धन) एवं स्टेट सिल्वीकलचरिस्ट राजस्थान जयपुर**
ग्रास फार्म नर्सरी, खातीपुर रोड जयपुर-302012, फोन नं. 0141-2350662
(Email.ccf.silva forest @ rajasthan.gov.in)
क्रमांकः-एफ06( )विकास / मुवसं / सिल्वा / 2025-26/489 दिनांक :- 06.02.26

**निविदा आमंत्रण सूचना / 2025-26**

इस कार्यालय के अधीन रेंज ग्रास फार्म नर्सरी खातीपुरा रोड जयपुर हेतु रेंज कार्यालय एवं परिसर मे स्थित विश्राम गृह का भवन संधारण कार्य भवन संधारण मद में अनुभवी / अधिकृत / रजिस्टर्ड / एवं सेवा कर (Goods & Service Tax) में पंजीकृत फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में हेतु निविदानिम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (समस्त कर सहित) | बोली प्रतिभुति राशि | बोली शुल्क | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | निविदा कार्यालय में जमा कवाने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रास फार्म नर्सरी खातीपुरा रेंज कार्यालय एवं परिसर में स्थित विश्राम गृह का भवन संधारण कार्य (संलग्न जी शिड्यूल के अनुसार) | 500000/- | 10000/- | 200/- | 06.02.2026 | 13.02.2026 1.30 पी0एम0 | 13.02.2026 03.00 P.M बजे से |

निविदा से संबंधित वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN. FOR2526WSOB05406
DIPR/C/2948/2026
उप वन संरक्षक,
अनुसंधान जयपुर



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, नगर खण्ड -II (दक्षिण), जयपुर**
कमांक / अ.अ./ न.ख. (द0) / 2025-26/4178-4188 दिनांकः- 02/02/26

**निविदा सूचना संख्या 49 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती हे । निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http//www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती ळे । निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाइन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।

| S.No. | NIT No./Year | Amount (in lacs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | 49/2025-26 | 11.12 | PHE2526WSOB12704 |

(भंवर सिंह किशनावत)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
नगर खण्ड - II (दक्षिण), जयपुर
DIPR/C/2408/2026

# सरदार शहर में विरोध प्रदर्शन, कहीं टैक्स वसूली को लेकर रोष तो कहीं कम वॉल्टेज को लेकर फूटा आक्रोश

## टैक्स वसूली पर भड़के टैक्सी चालक, प्रदर्शन कर जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में चूरू जिला ऑटो चालक संघ ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर शुल्क में भेदभाव का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। नगर परिषद की ओर से कृष्णा बस स्टैंड के अंदर टैक्सियों के प्रवेश पर शुल्क लगाए जाने के विरोध में गुरुवार को चूरू जिला ऑटो चालक संघ ने नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शुल्क व्यवस्था पर आपत्ति जताई। ज्ञापन में बताया गया कि नगर परिषद सरदारशहर की ओर से कृष्णा बस स्टैंड के अंदर टैक्सियों के प्रवेश पर शुल्क निर्धारित किया गया है। संघ का आरोप है कि यह शुल्क केवल टैक्सी चालकों से ही वसूला जा रहा है। जबकि बसों व जीप चालकों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा हैं। इससे टैक्सी चालकों में रोष व्याप्त है। संघ ने ये भी आरोप लगाया कि टैक्सी चालकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें बस स्टैंड के बाहर निर्धारित स्थान पर खड़ा होने को कहा गया है। जहां अतिक्रमण की स्थिति बनी रहती है। इससे चालकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो टैक्सी चालक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।संघ पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि टैक्सी चालकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सामान शुल्क व्यवस्था लागू की जाए अथवा भेदभावपूर्ण वसूली को तत्काल बंद किया जाए। इस पूरे मामले को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है और अब सभी की नजरें नगर परिषद प्रशासन के निर्णय पर टिकी हुई हैं।

## बिजली की समस्या से परेशान किसानों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील में कम वोल्टेज की समस्या से परेशान किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। बुकनसर बिजली जीएसएस के अंतर्गत आने वाले गाजूसर गांव के किसानों ने सरदारशहर स्थित सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर किसानों की समस्यायों के समाधान की मांग की है। उन्होंने करीब एक घंटे तक कार्यालय का गेट बंदकर धरना दिया। किसान नेता रुपाराम गोदारा ने बताया कि बुकनसर जीएसएस के अंतर्गत 6 बिजली फीडर संचालित हैं। जिनसे लगभग 625 कृषि कनेक्शन जुड़े हुए हैं। इन फीडरों पर लंबे समय से कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। किसानों को मोटर सुचारू रूप से चलाने के लिए करीब 425 वोल्टेज की आवश्यकता होती है। जबकि वर्तमान में उन्हें मात्र 250 से 315 वोल्टेज तक ही बिजली मिल रही है। कम वोल्टेज के कारण कृषि मोटरें बार-बार जल रही हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मजबूर होकर किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। सहायक अभियंता राजेश कुमार मीणा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। धरने के दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में रुपाराम गोदारा, रामचंद्र गोदारा, विकास भाम्भू, वीरेंद्र सिंह, संजू भाम्भू, राकेश, रामलाल, देवकरण सिंह, सुरजाराम, दिलीप तिवारी, रामकुमार सारण, ओमप्रकाश गोदारा, राकेश भाम्भू, रामकिशन सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## नेत्रदान से दो नेत्रहीनों की जिंदगी होगी रोशन

### नेत्रदान के प्रति लोगों में बढ़ी जागरूकता

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बानिदा बास निवासी कान्तादेवी श्यामसुखा पत्नी उम्मेदसिंह श्यामसुखा का निधन 58 वर्ष की आयु में गुरुवार को होने पर उनके पति उम्मेद श्यामसुखा, देवर विमल श्यामसुखा, पुत्र अक्षय, भतीजे श्रेयांस व पुत्री दामाद सोनू-मंयक दूगड़ तथा श्यामसुखा परिवार की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ होस्पीटल के डॉ रविन्द्र कुमार, तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने नेत्र संग्रह किया। नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि यह इस केन्द्र का 32 वां नेत्रदान हुआ है। कान्तादेवी श्यामसुखा के परिजनों ने इस दुःख की घड़ी में भी जैन धर्म की अहिंसा, करूणा, परोपकार और मानवता का दृष्टिकोण अपनाते हुए नेत्रदान किया। इससे दो नेत्रहीन दुनिया देख सकेंगे। प्रेरक के रूप में प्रशांत दूगड़, तेजकरण सेठिया और प्रतिभादेवी बैद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कान्तादेवी श्यामसुखा के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ होस्पीटल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया, विशाल बोरड़ तथा तेरापंथ युवक परिषद ने आभार व्यक्त किया है।



## गोपीराम मेघवाल की हत्या प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** क्षेत्र के गांव कालवास में गोपीराम मेघवाल की कथित निर्मम हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मंगलवार देर शाम गोपीराम मेघवाल एक विवाह कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में बनवारीलाल जाट, भजनलाल जाट सहित अन्य लोगों ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि शव को घर के आगे फेंक दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि मृतक की माता वृद्ध एवं अस्वस्थ है तथा उनके दो भाई मानसिक रूप से कमजोर बताए गए हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजनों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन देने वालों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष व गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा मृतक के परिवार को अधिकतम आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व सरपंच लीलाधर बागोरिया, रामसिंह माहीच सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।


## मांडना प्रतियोगिता का आयोजन, लुप्त होती परम्परा को सहेजने का प्रयास

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में साहित्यिक प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस पर राजस्थानी लोक संस्कृति के संरक्षण और लुप्त होती इस कला को सहजने के उद्देश्य से मांडना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को राजस्थानी संस्कृति और पारंपरिक लोककलाओं से परिचित कराते हुए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका मुकेश सुथार, सुमन चौहान, वेद प्रकाश बरोड़ रहे। निर्णायक मंडल ने कलात्मकता, स्वच्छता व बारीकी के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पूनम नेहरा, द्वितीय काजल व चंचल तथा तृतीय प्रिया शर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश छींपा, लोकेश सेन, आशीष पारीक, उमा भारती जांगिड़ और समस्त प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता व उपस्थिति रही हैं।



## कच्चे रास्ते पर सड़क निर्माण की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी को कॉमरेड जगदीश नाथ ने ज्ञापन सौंपकर इंद्रगिरी आश्रम के रास्ते से होकर गोपालपुरा तक सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। ज्ञापन में जगदीश नाथ ने बताया है कि इस रास्ते पर कई जगह बारिश के सीजन में काफी पानी भर जाता है, जिससे यहां पर रहने वाले किसानों, राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए जल्द से जल्द इंद्रगिरी आश्रम से मेगा हाईवे जाने वाले रास्ते पर गोपालपुरा तक सड़क निर्माण करवाया जाए।

## भगवान ही सबसे सच्चा मित्र है: स्वामी कानपुरी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्री दशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि परमात्मा से बड़ा कोई सच्चा मित्र नहीं है। इसलिए हमें समस्त प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में भी परमात्मा पर यकीन करना चाहिए, क्योंकि वही चिंता और दुख का हरण करने वाला है। उन्होंने विनम्र स्वभाव को धारण करने की अपील करते हुए कहा कि झुकते वहीं हैं, जिनमें जान होती है, अकड़ तो मुर्दों की पहचान होती है। हमें अपने असली स्वरूप को पहचानना होगा और प्रभु से प्रेम करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रियव्रत प्रसंग, उतानपाद प्रसंग, भक्त प्रहलाद, होलिका प्रसंग, हिरण्यकश्यप वध, जड़ भरत सहित अनेक धार्मिक प्रसंग सुनाए। सुमधुर भजनों के साथ श्रद्धालुओं को देशभक्ति व संस्कारित शिक्षा का प्रवचन भी दिया गया। कथा में संत सानिध्य के रूप में श्री श्री 108 जग्गूदास महाराज कुमास, सुंदरदास महाराज धां, हनुमान दास महाराज हरियाणा, भैर दास महाराज उपस्थित रहे। किशोर दास स्वामी ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत ही रात्रि को श्री नाथजी भक्त मंडल की ओर से शिव कीर्तन व श्री श्याम सखा मंडल व श्री श्याम शरण गौ सेवा मंडल की ओर से श्याम कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में भोल दास स्वामी, दुर्गादास स्वामी, लिखमीचंद स्वामी, रामचंद्र स्वामी, महेश स्वामी, बालचंद प्रजापत,करणी सिंह शेखावत, सरदार सिंह कासनिया, राजू दास दुजार,शंकर लाल सामरिया, गोपाल प्रजापत, पवन बागड़ी, नंदलाल जैगणीया, कैलाश पुजारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं कथावाचक स्वामी कानपुरी महाराज का समाजसेवी शंकरलाल सामरिया ने साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

## काशी प्रसाद चिरंजी लाल मुरारका सभागार का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के सीकर मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को काशी प्रसाद चिरंजी लाल मुरारका सभागार का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। समारोह शील जति आश्रम भोजासर बड़ा के संत शिवराज जति महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। यह सभागार सीबी मुरारका चैरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई के सहयोग से निर्मित किया गया है।कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्या भारती अखिल भारतीय संस्थान, दिल्ली के मंत्री शिव प्रसाद ने मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में विद्यालयों की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। समारोह में जयपुर प्रांत के सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार, परम शक्ति पीठ मुंबई के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तुलस्यान, पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत मुरारका तथा जय प्रकाश सरावगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभागर में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ,बच्चों सहित नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक जाजोदिया ने किया।

## श्री श्याम मंदिर के चार दिवसीय स्थापना महोत्सव का शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर का चार दिवसीय 51वां स्थापना महोत्सव गुरुवार से शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी संतोष बुढ़ाढ़रा ने बताया कि श्री श्याम मित्र मंडल चूरू की ओर से आयोजित हो रहा 51वां स्थापना महोत्सव 12 से 15 फरवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर गुरुवार को बाजार में व्यापारियों व आमजन को निमंत्रण-पत्र वितरित किए गए। पुजारी ने बताया कि 13 फरवरी को शाम 7:15 बजे श्याम संकीर्तन आयोजित किया जाएगा, जिसमें गायक कलाकार चूरू के मेहुल शर्मा व जयपुर की हेमलता खंडेलवाल अपनी मधुर वाणी से आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा व छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र होगी। 14 फरवरी को प्रातः 10:15 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पाठवाचक आशीष शर्मा आशु व हिमांशु शर्मा संगीतमय पाठ का वाचन करेंगे। नटराज आर्ट ग्रुप की ओर से नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियां दी जाएगी। 15 फरवरी को दोपहर 2:15 से निशान व शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्याम मंदिर पहुंचेगी। इस अवसर पर आशीष शर्मा आशु, पंडित संतोष पुजारी, मेहुल शर्मा, सुरेंद्र पीपलवा, राजेश शर्मा, राधाकृष्ण महर्षि, गौरव शर्मा, दिनेश शर्मा, रोहित शर्मा, राकेश प्रजापत, अरुण लढ़ानिया, ओम पीपलवा, भव्य सोती, राकेश ओझा सहित अनेक श्याम भक्त मौजूद रहे।

## गाजुवास माइनर के किसानों ने मांगा सिंचाई का पानी



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सिंचाई के पानी की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र के गाजुवास माइनर के किसान नहर विभाग में इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया। इससे पहले सैकड़ों किसान टैक्टर सहित विभाग परिसर में घुसने की कोशिश की लेकिन पुलिस प्रशासन ने किसानों के टैक्टरों को परिसर में नहीं घुसने दिया, सीआई सतपाल बिश्नोई ने समझाइस कर ट्रैक्टरों को बाहर ही खड़ा करवा दिया और किसान परिसर में घुस गए और कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन करने लगे। अधिशाषी अभियंता आनंदसिंह ने दूरभाष के माध्यम से उच्च अधिकारियो से वार्ता कर 16 फरवरी तक पानी देने के आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने धरना स्थगित कर दिया। इस मौके पर उमराव सहारण, राजू, हरिसिंह बेनीवाल, श्रवण कुमार, महेन्द्र सुथार, बीरबल मेहरा, भंवर लाल, शंकर कस्वां, उदराम, उदयभान सहित सैकड़ों किसान धरने पर बैठे। उधर सुरक्षा को लेकर सी आई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कास)।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत साथिनों के लिए एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत साथिनों को विभागीय योजनाओं, नियमों व अधिनियमों की अद्यतन व व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में 12 फरवरी को पंचायत समिति मुख्यालय दूदू व बस्सी पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पंचायत समिति दूदू, मौजमाबाद, फागी, माधोराजपुरा तथा बस्सी, तुंगा, आंधी व जमवारामगढ़ क्षेत्र की साथिनों ने सहभागिता की। उन्होंने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत आयोजित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वर्क फ्रॉम होम योजना, मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभिन्न महिला हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही संबंधित अधिनियमों एवं नियमों की समझ विकसित कराई जा रही है, ताकि साथिनें अपने-अपने क्षेत्र में पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। वर्क फ्रॉम होम योजना से संबंधित उद्यमी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि 13 फरवरी को चौमूं पंचायत समिति मुख्यालय व आमेर स्थित वन स्टॉप सेंटर पर पंचायत समिति जालसू, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, शाहपुरा, आमेर व जमवारामगढ़ क्षेत्र की साथिनों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। वहीं 16 फरवरी को जोबनेर, सांगानेर व चाकसू पंचायत समिति मुख्यालयों पर पंचायत समिति जोबनेर, सांभर, किशनगढ़ रेनवाल, चाकसू, कोटखावदा व सांगानेर क्षेत्र की साथिनों के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यशालाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति प्रदान करते हुए पात्र महिलाओं तक योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने वाला बजटः संदीप शर्मा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा कि बजट में आधारभूत ढांचे के विस्तार, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। भाजपा जनसेवी व निवर्तमान पार्षद सपना शर्मा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान के बजट को विकसित राजस्थान के निर्माण का सशक्त और दूरदर्शी रोडमैप बताते हुए कहा कि बजट में 42 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा. जोधपुर, पाली, मारवाड औद्योगिक कॉरिडोर 600 करोड की सहायता से, सीएम स्वरोजगार योजना से 10 लाख रुपए तक का ब्याज ऋण मुक्त सहायता, ग्रामीण महिला बीपीओ खोलना, पारदर्शी परीक्षा के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा 50 लाख से बढाकर 1 लाख, अगले साल 50 हजार सौलर पंप लगाएं जाएंगे जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं बजट में की गई है।



## 150 लोगों ने किया हरासर गांव में रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव हरासर में सोहनी देवी खिलेरी के स्मृति दिवस पर गुरुवार को चतुर्थ ओपन दौड़ प्रतियोगिता व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बाबा रामदेव गोशाला में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक हेतराम, बाबूलाल खिलेरी ने बताया कि सोहनी देवी खिलेरी मेमोरियल ट्रस्ट, हरासर के तत्वावधान में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया। ट्रस्ट के भंवरलाल खिलेरी व चूनीलाल खिलेरी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इससे पूर्व सुबह ओपन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व मोमेंटो देकर समानित किया। कार्यक्रम में सुगनाराम, माणकचंद, राकेश शर्मा, भगवानाराम आचार्य, रामनारायण आचार्य, गिरधारी मील, पूर्णाराम गोदारा, नेमीचंद मेघवाल, हनुमान भगत, नत्थूराम खिलेरी, प्रताप खिलेरी, अमरचंद गोदारा, भगाराम खिलेरी, प्रकाश सिंह, देवीलाल, मेघाराम नायक, भंवरलाल, किसन, बनवारी आचार्य, माणक नाथ, गोपीनाथ, रामूराम भोपा, अर्जुन डूडी, किशोर दहिया, गणेशाराम गोदारा, रामेश्वरलाल, मनोज नाई, छोटूराम, मालाराम कड़वासरा, मनसाराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किए जोशी को श्रद्धा-सुमन अर्पित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय नई सड़क पर सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी परमेश्वर लाल जोशी के निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि जोशी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व व्यवहारिक व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मिलनसार व सबके सुख-दुःख में काम आने वाले व्यक्ति थे, जिनकी कमी चूरू वासियों को हमेशा खलेगी। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष कालूराम महर्षि, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष काशीराम क्याल, मीणा समाज के जिलाध्यक्ष भंवरलाल मीणा, जाट महासभा के जिलाध्यक्ष सोहनलाल फगेडिया, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अयूब खान, कायमखानी समाज के जिलाध्यक्ष मुंशी खान, जैन समाज के ताराचंद बांठिया, पेंशनर समाज के पूर्णमल सोनी, खाद्य व्यापार मंडल के मनोज महनसरिया, कपड़ा व्यापार मंडल के बालकिशन राजगढ़िया, टैक्स बार के सुनील शर्मा, गुर्जर समाज के श्रवण गुर्जर, डॉ. पार्थ शर्मा, वैद्य गोविंद प्रसाद शर्मा, केपी जोशी, गिरधारी जोशी, विनोद जोशी, ईश्वरी प्रसाद हारित, कन्हैयालाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और शहरवासियों ने जोशी के निधन पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

# सिरियासर कलां में टीन शेड का लोकार्पण, भामाशाहों का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** गांव सिरियासर कलां में गुरुवार को जाहरपीर गोगाजी महाराज मेड़ी परिसर में भक्तों के बैठने के लिए बनाए गए टीन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता समसाद खान ने बताया कि दुबई प्रवासी गांव के राकेश कुमार जागिड़ पुत्र मोहनलाल जागिड़ व डॉ. रणवीर सिंह धारीवाल पुत्र हरफूल सिंह धारीवाल के सहयोग से मेड़ी परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शानदार टीन शेड का निर्माण करवाया गया है। कार्यक्रम पूर्व सरपंच पतासी देवी की अध्यक्षता में एवं गांव के नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल जागिड़ व डॉ. हरफूल सिंह धारीवाल उपस्थित रहे। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में टीन शेड का उद्घाटन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राकेश कुमार जागिड़ एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ समाजसेवा में अग्रणी भामाशाह भी हैं। उन्होंने हाल ही में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरियासर कलां में पानी की टंकी एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन भी दिया है, जिस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होने की बात कही गई। इस अवसर पर मेड़ी महाराज राजेश मोरवाल, रोहिताश मोरवाल, किशनलाल शर्मा, सूबेदार रामउतार लोयल, सुरेंद्र धारीवाल, बृजलाल लोयल, मदनलाल जागिड़, श्रीचंद जागिड़, सुभाष पुनिया, सीताराम कुमावत, संतकुमार खीचड़, परमेश्वर लोयल, प्रवीण तेतरवाल, मनीष लोयल, कमलेश गर्वा, सेठ सुरेंद्र, गोकुलचंद छापुनिया, राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मंडावा ब्लॉक में बोर्ड परीक्षाएं शुरू

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के तत्वावधान में गुरुवार को अंग्रेजी विषय के साथ कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंडावा उपखंड के ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में प्रारंभ हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेश कुमार ने बताया कि उपखंड क्षेत्र मंडावा के ब्लॉक में कुल 14 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों और अभिभावकों की भीड़ नजर आई। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले कई छात्र-छात्राएं घबराए हुए दिखे, खासकर अंग्रेजी विषय को लेकर बच्चों में खासा तनाव देखने को मिला।अभिभावकों के साथ पहुंचे छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर शुरुआत में डर साफ दिखाई दे रहा था, लेकिन जैसे ही परीक्षा समाप्त हुई और छात्र केंद्रों से बाहर निकले, उनके चेहरों की मुस्कान ने सब कुछ बयां कर दिया। अधिकांश विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का पेपर आसान और सिलेबस आधारित बताया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर शिक्षा विभाग व प्रशासन की ओर से पुख्ता व्यवस्थाएं की गईं। नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी दलों का गठन किया गया और केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रथम दिवस परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर विभागीय अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेश कुमार ने बताया कि जिले के 26 पुलिस थानों में प्रश्नपत्र सुरक्षित रखे गए हैं। परीक्षा दिवस पर केंद्र अधीक्षक संबंधित पुलिस थानों से प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचा रहे हैं। जिले में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 226 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही हैं। परीक्षा के लिए जिले भर से कुल 30,845 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। अंग्रेजी विषय पेपर हैं। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की स्कूल आईडी अथवा आधार कार्ड की जांच की गई। केंद्रों पर निर्धारित समय से पूर्व ही विद्यार्थी पहुंचने लगे थे। बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। अभिभावकों व शिक्षकों की ओर से भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाएं पूरी तरह मुस्तैद रहीं। प्रशासन और विद्यालय स्टाफ ने शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से परीक्षा संपन्न करवाई। कुल मिलाकर पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नजर आया।

## महिला समूह बैठक के माध्यम से लिया परियोजना के कार्यो का फीडबैक



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** मंडावा शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नं-11 पर महिला समूह बैठक के माध्यम से जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल है तो कल है, और हमें जल संरक्षण को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल का सदुपयोग ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकता है साथ ही रुहेला ने बताया कि इस योजना के तहत मंडावा शहर में जल आपूर्ति मीटरयुक्त और पर्याप्त मात्रा में की जा रही हैं। जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता घट रही है और जल संसाधनों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। यदि हमने अभी जल का संरक्षण नहीं किया, तो भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक गंभीर समस्या बन जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं से आग्रह किया कि सीवर लाइन में किसी प्रकार का ठोस कचरा प्रवाहित नही करे अन्यथा सीवर चौक हो सकती हैं। ठोस कचरा नगरपालिका की ओर से संचालित घर-घर कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुकसाना बानो, सहायिका सुमन देवी, आशा सहयोगिनी पूजा कंवर तथा मैसर्स एल.एन.ए. आर एण्ड बी (जेवी) के सोशल आउटरीच टीम के संदीप स्वामी सहित स्थानीय महिलाएं उपस्थित रही।

## रहनावा में किसान पाठशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड के रहनावा गांव में एनएम ईओ योजनागर्त फॉर्मर फील्ड स्कूल पद्धति के माध्यम से समन्वयक कीट तकनीकी प्रदर्शन कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि पर्यवेक्षक प्रभु दयाल के तत्वाधान में किया गया। कृषक मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार शर्मा ने उपस्थित किसानों को सहज और सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया और साथ ही भूमि के घटते जलस्तर को देखते हुए किसानों को कम पानी में होने वाली चंदन की खेती के लिए प्रेरित किया। किसानों ने इस प्रकार के क्लस्टर रहनावा में निरंतर आयोजन के लिए कृषि मित्र रामलाल रोयल और सचिन कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। वर्मी कंपोस्ट बेड इकाई के बारे में अमरसिंह रोयल ने किसानों के साथ जानकारी साझा की।

## प्रदेश के एक तिहाई हिस्से की उपेक्षा करने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बजट पर चर्चा के दौरान सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि बजट से प्रदेश के एक तिहाई हिस्से को काफी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक हिस्से की पूरी तरह से उपेक्षा कर दी गई है। सुजानगढ़ जैसे क्षेत्रों को इस बजट से काफी निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में वन क्षेत्र बढ़ाकर सरकार जनता को भ्रमित कर रही है। जबकि काफी सारे विधानसभा क्षेत्रों में जनता के हितों को पूर्णतया अनदेखा कर दिया गया है। मेघवाल ने कहा कि बेकडोर से स्टांप ड्यूटी पर सरचार्ज, डीएलसी की दरें बढ़ाई गई हैं, जो जनहितों पर सीधा-सीधा विपरीत असर डालने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सारी चीजें अनुमानों पर बताकर बजट पेश कर दिया, जबकि जनता को सीधे फायदे वाली एक भी घोषणा नहीं की।


**Office of Executive Engineer WDSC, Sardarsahar (Churu)**

S.No. - 549 Date 04.02.2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT NO 11/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 56.90 are invited from interested bidders up to 05.02.2026, 10:00 AM to 16.02.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

NIB Ref. No. ENIT_11_2025_26_EXEN_SARDARSAHAR
NIB Code - WSC2526A1573
UBN - WSC2526WSOB02732 DIPR/C/2739/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सादुलपुर (राजस्थान) 331023**

eephedsadulpur@gmail.com ee.phed.sdlp.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक- 1152-62 दिनांक- 02/09/2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc. rajasthan. gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 16-02-2025 (18:00 hrs)

| NIT NO. | UBN No. |
| --- | --- |
| 18/2025-26 | PHE2526WSOB13107 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/2705/2026

(Narendra Kumar Kachhawaha)
Executive Engineer,
PHED Division Sadulpur
Contact: 82791-01286

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)**

क्रमांकः 2172-82 दिनांक :- 29.01.2026

**ई - निविदा सूचना संख्या : 15/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp// eproc. rajasthan.gov.in http//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http// sppp. raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2526A5457

| W.No. | UBN No. |
| --- | --- |
| 1 | PWD2526WSOB22238 |

DIPR/C/2425/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड- सुजानगढ़**

E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : अअ/जनस्वा/निविदा/2025-26/ 1916 - 1936 दिनांक : 30-01-2026

**'ई' निविदा सूचना संख्या 45 से 46 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट-1 अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड -सुजानगढ़ (डी. डी.ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC ) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
| --- | --- |
| 45/2025-26 | PHE2526 WSRC 12845 |
| 46/2025-26 | PHE2526 WSRC 12846 |

DIPR/C/2428/2026

(कैलाश चन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DHANDHELA P.S. PATAN (SIKAR)**

S.NO. : 118 DATE: 12-02-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 12-02-2026, 09:30 AM to 19-02-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 210000

UBN No.
PKP2526WSOB00292,
PKP2526WSOB00294-295

PRASHASHAK GP DHANDHELA — VDO GP DHANDHELA

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2981-2994 Date: 5-2-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 51/2025-26 supply of Non Return Valve in PHED Div Store Churu and Nit no 52/2025-26 SUPPLY OF Armoured Cable 10 SQ MM in Division Store Churu Nit no 53/2025-26 supply of MCB 32Amp and 63 Amp in PHED Division Store churu Nit no 54/2025-26 SUPPLY OF MS NUT BOLT In Div. Store Churu are invited form interested bidders upto 16-02-2026 (15:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http:// sppp. rajasthan.gov.in,) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 51/2025-26 Rs. 01.50 Lacs and Nit No 52/2025-26 Rs. 01.50 Lacs and Nit No 53/2025-26 Rs. 01.50 Lacs and Nit No 54/2025-26 Rs. 01.50 Lacs

UBN No. PHE 2526 GSRC 13179 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE 2526 GSRC 13181 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE 2526 GSRC 13184 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE 2526 GSRC 13186 RS 01.50 Lac

DIPR/C/2741/2026

Executive Engineer,
PHED Division Churu

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः - न.पा.रा./2025-26 /12196 दिनांकः- 10/2/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा आवासीय / व्यवसायिक भूमि में उपयोग हेतु ईजाजत तामिर व पट्टा उप विभाजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है इसके संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | भूमि की किस्म | आसा- पासा | | | | कुल क्षेत्रफल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | |
| 01 | श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री दुरजन सिंह, वार्ड नं. 14 राजलदेसर | आवसीय (G+2) | भीकमचन्द डागा | राजकुमार | रास्ता | भेरूदान गिडिया | 74.53 वर्गमीटर |
| 02 | श्री राजकुमार पुत्र श्री लालचन्द प्रजापत, वार्ड नं. 14. राजलदसेर | आवसीय (G+2) | गजेन्द्र सिंह | रास्ता | रास्ता | गजेन्द्र सिंह | 46.22 वर्गमीटर |
| 03 | श्री राकेश कुमार खटीक व गोपाल खटीक पुत्र श्री रामलाल खटीक वार्ड नं. 14. राजलदेसर | आवसीय (G+2) | खुली गैलेरी | शंकरलाल सुथार व मनोज सुथार | मांगीलाल मनोज कुंडलिया | रास्ता | 46.22 वर्गमीटर |
| 04 | श्री शंकरलाल सुथार व श्री मनोज सुथार पुत्र श्री नानुराम सुथार वार्ड नं. 14 राजलदेसर | आवसीय (G+2) | राकेश कुमार खटीक व गोपाल खटीक | रास्ता | मांगीलाल मनोज कुंडलिया | रास्ता | 46.22 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## जरूरतमंदों को कंबल वितरित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शहर के वार्ड 29 निवासी भवानी सिंह राठौड़ व एडवोकेट सूरज सिंह राठौड़ ने अपने पिता पाबूदान सिंह राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों की सेवा करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कस्बे के योगी आसन में आयोजित कार्यक्रम में महंत गंगानाथ के कर कमलों से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय पाबूदान सिंह राठौड़ के व्यक्तित्व व समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वीर बहादुर सिंह राठौड़, अजमाल सिंह राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को मानवीय सेवा की प्रेरणादायक मिसाल बताया।

## भारत विकास परिषद् को ई रिक्शा भेंट



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारत विकास परिषद्, शाखा रतनगढ़ की ओर से किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों व पर्यावरण के क्षेत्र में वृहद् वृक्षारोपण के कार्यों से प्रभावित होकर धानुका ग्रुप, नई दिल्ली के चेयरमैन एमेरिटस रामगोपाल धानुका ने वृक्षों को पानी देने में होने वाली परेशानी को समझ कर स्थानीय शाखा को ई रिक्शा भेंट किया। धानुका आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में हुए संक्षिप्त से कार्यक्रम में धानुका ग्रुप, नई दिल्ली के चेयरमैन महेन्द्र कुमार धानुका, विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री गोविंद कुमार, क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा की उपस्थिति में भारत विकास परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान व जिला सहसमन्वयक वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा को ई रिक्शा की चाबी सौंपी। शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ने धानुका की ओर से पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर परिषद् के विनोद वर्मा , पवन माटोलिया सहित परिषद् के कई सदस्य व विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर को परिवाद,प्रतिलिपि दिलवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निर्मला देवी नामक महिला ने जिला कलक्टर चूरू को एक परिवाद भेजकर नगरपरिषद सुजानगढ़ से नकल दिलवाने की गुहार लगाई है। ईमेल के जरिए भेजे परिवाद में निर्मला देवी ने बताया है कि कई महीनों से पत्रावली की प्रतिलिपि नहीं दी जा रही है। जबकि पट्टा संख्या 984 मेरी पारिवारिक सम्पति से सम्बंधित पट्टा है और इससे मेरे हित जुड़े हुए हैं। अतः मुझे जल्द से जल्द इसकी पत्रावली की प्रतिलिपि देने के लिए नगरपरिषद को पाबंद किया जाए।

## चोरी के आरोप में तीन युवकों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि 10 फरवरी को सुरेन्द्रसिंह राजपूत निवासी सुजानगढ ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपने पैतृक गांव गया हुआ था, पीछे से चोरो ने ताले तोड़कर सोने चांदी के जैवरात, नगदी व अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया। मामले की जांच एएसआई जगदीश कुमार ने शुरू की और आरोपी रब्बानी, निवासी वार्ड नं. 60 सम्राट होटल के पीछे, शदिल मोहम्मद, निवासी वार्ड नं. 51, मोहम्मद सद्दाम, माण्डेता रोड़ सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरियों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। इस चोरी का खुलासा करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल रमेश, विक्रम, महावीर प्रसाद, भागीरथराम आदि शामिल रहे।

## शहीद मूर्ति अनावरण पोस्टर का रविन्द्र भाटी ने किया विमोचन

जयपुर टाइम्स

**रावतसर/बाड़मेर।** निकटवर्ती गांव रातल्या में 23 मार्च को अमर शहीद, भगतसिंह, राजगुरू, सुखदेव कें (शहादत दिवस) के अवसर पर तपस्वी बाबा के सानिधय में आयोजित होने वाले मूर्ति अनावरण समारोह के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने जयपुर स्थित विधायक आवास पर किया। समाजसेवी दिनेश रातल्या व राजुलाल बागड़ा ने बताया कि संत श्री तपस्वी बाबा के सानिधय में रातल्या स्थित गुरुमहाराज मन्दिर परिसर में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की मुर्तियों के अनावरण के साथ पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। पोस्टर का विमोचन करते हुए विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में और देश को आजाद करवाने में या देश की अन्य आजादी लड़ाई की लड़ाई में भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चन्द्रशेखर आजाद आदि महान आत्माओं के लोगों ने शहादत दी है। उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदो की गाथाए हमेशा हमेशा सम्मरणीय और प्रेरणा दायक रहेगी। प्रत्येक गांव और कस्बो में शहीदों क़ी प्रतिमाँए स्थापित होनी चाहिए। इस अवसर पर रणजीत पंचोली, विनोद बागड़ा, शुभम लोदवाल, महेश बागड़ा, रवि बाड़ीवाल , सोनु मेहता , सीए महेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# 3 हजार 5 सौ लोगों को मिला विधिक चेतना शिविर में फायदा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनिका पुरोहित के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ के ग्राम गोपालपुरा में नालसा गाड्यूल स्कीम के तहत विधिक सेवा शिविर का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. शरद कुमार व्यास के निर्देशन में किया गया। उक्त कार्यकम में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, (अपर जिला व सेशन न्यायाधीश) सुजानगढ़ मेहन्द्र प्रताप गाटी, अतिरिक्ति जिला कलेक्टर सुजानगढ़ संतोष मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ दिनेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा व प्रशासक सविता राठी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने विधिक सेवा शिविर की जानकारी देते हुए नालसा व रालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ, निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, स्थाई लोक अदालत व एलएडीसीएस स्कीम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों की कुल 17 स्टोल लगाए गए। इन स्टोलो पर कार्यरत कार्मिकों की ओर से मौके पर ही लोगो का रजिस्ट्रेशन कर विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यतया कृषि विभाग, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, राजिविका, समाज कल्याण विभाग, जलदाय विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल टीम, खाद्य विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग व उद्योग विभाग के अधिकारीगण व कार्मिक मौके पर मौजूद रहे। उक्त विधिक सेवा शिविर की पूर्व तैयारी में केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान किए जाने के लिए चिहन्ति व्यक्तियों को मौके पर लाभ प्रदान किए गए। जिनमें स्वच्छ भारत मिशन के 45, प्रधानमंत्री आवास योजना के 73. कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में 620, शिक्षा विभाग की गणवेश वितरण योजना के 750, छात्रवृति एवं अन्य लाभ के 100, चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं के 45, राजीविका की ओर से 303, पेंशन एवं पालनहार योजना के अन्तर्गत 990, एनजीओं की तरफ से स्वेटर वितरण के 500 व कैटल रोड एण्ड कुंड के 73 कुल 3499 लोगों को शिविर के दौरान लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ओर से अपने-अपने विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पदान कि गई। उक्त कार्यक्रम में ज्योति कछावा, बाबूलाल चावल, गणपत दारा स्वामी, कुशालाराम, रूपाराम खिचड, भंवर सिंह शेखावत, रवि कुमार इत्यादि का विशेष योगदान रहा। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का श्याम लाहोटी, प्रमोद लाहोटी, झूमर मल सहारण, गंगा सिंह, मुरारीलाल, ईश्वर सिंह, भीवाराम, घनश्याम नाथ कच्छावा, धन्नाराम प्रजापत व सुनिता पूनिया की ओर से स्वागत किया गया। इसी क्रम में आरएएस राकेश शर्मा, विजय पूनिया, एसआई मनफूल मेघवाल, मेजर डॉ अक्षय राठी, इवलदार धन्नाराम, ऋषिकुमार मेघवाल, सुमित भार्गव, प्राचार्य भागीरथ गर्ग, किसान नानूराम माली, ओकेश कुमार को सम्मानित किया गया।

## शहीद बालूराम डांगी शहादत दिवस किसान गोष्ठी के रूप में मनाया


जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** किसान शहीद बालूराम की 40 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को झुंझुनूं स्थित बालूराम स्मारक मण्डावा मोड़ पर प्रातः 11.15 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। किसान नेता चौधरी कुरड़राम जाखड़ के नेतृत्व में माल्यार्पण कर फूल चढ़ाकर शहादत दिवस मनाया गया। किसान नेता जाखड़ ने बताया कि जो समाज या देश अपने शहीदों, आदर्शों और नेताओं को भूल जाता है, वो कभी सही दिशा में नहीं जा सकता। इसके बाद आयोजित किसान गोष्ठी में मूलजी बोस, कप्तान मोहन लाल, मदन सिंह यादव, सहदेव कस्वां, ओमप्रकाश डांगी, शीशराम बांगड़वा आदि वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। सभा में यमुना जल शीघ्र लाने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने, स्मार्ट मीटर नहीं लगाने, खेतों से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को उचित मुआवजा देने, किसानों की कर्जा माफी, किसानों को दिन के समय में बिना ट्रिप बिजली देने आदि की सरकार से पुरजोर मांग की गई। सभा में युवा नेता संजीव एचरा, पोकर सिंह, नौरंगराम, करणीराम, अशोक कुमार, धर्मपाल डारा, रामेश्वर सिंह बाटड, हरफूल डांगी, बनवारीलाल, विनोद सैनी, इन्द्राज सिंह, बबीता चौधरी, सुभाष, प्रकाश, सुधीरा देवी, सुबेदार पोकरमल, ओमप्रकाश मांजू, बजरंगलाल ढ़ाका, उषा, मंजू डांगी, ओमप्रकाश मांजू, शीशराम जाखड़, असलम अली, त्रिलोक डूडी, मनफूल सिंह रायपुर जाटान, प्रकाश गोदारा, शारदा लांबा, रणधीर ओला, भंवरलाल ढाका, ज्योत्सना, प्रियंका झाझड़िया, पंकज झाझड़िया, राजकमल, वीरेन्द्र बुडानिया, कमलेश खीचड़ सहित सैकड़ों किसान नेता शामिल हुए।

## बजट में धौलपुर की अनदेखी, सरकार ने किया सौतेला व्यवहारः शालिनी शर्मा


जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से विधानसभा में पेश किए गए बजट को लेकर धौलपुर की कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में धौलपुर जिले के लिए कोई ठोस घोषणा या विशेष प्रावधान नहीं किया गया, जिससे जिले की जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा ने कहा कि धौलपुर राजस्थान का हिस्सा होने के बावजूद विकास की दौड़ में पीछे छोड़ दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले की मूलभूत समस्याओं जैसे जलभराव, खराब सड़कें, पेयजल संकट, महिला सुरक्षा, युवाओं के रोजगार और किसानों की परेशानियों को बजट भाषण में कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। उनका कहना है कि बजट भाषण लंबा जरूर था, लेकिन उसमें धौलपुर के विकास को लेकर कोई स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आया। कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा ने कहा कि जिले में करीब 75 कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां बरसात के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या बनी रहती है। कई क्षेत्रों में पानी महीनों तक नहीं निकलता, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इन समस्याओं की जानकारी सरकार तक नहीं पहुंची या जानबूझकर नजर अंदाज किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों, किसानों के लिए राहत योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और दिव्यांगजन कल्याण जैसे मुद्दों पर बजट में ठोस घोषणा नहीं दिखी। महंगाई पर केवल बड़ी-बड़ी बातें की गईं, लेकिन आम जनता को राहत देने के लिए स्पष्ट योजना नजर नहीं आई। कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा ने आरोप लगाया कि धौलपुर के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सभी दल धौलपुर की जनता से बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन बजट जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर जिले को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही धौलपुर के लिए विशेष विकास पैकेज की घोषणा नहीं की गई तो कांग्रेस जनआंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेगी। हालांकि, इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार का बजट प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी जिलों को मिलेगा। उनका दावा है कि धौलपुर को भी चल रही योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। फिलहाल बजट को लेकर जिले में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। कांग्रेस जहां इसे धौलपुर की अनदेखी बता रही है, वहीं भाजपा इसे दूरदर्शी और संतुलित बजट बता रही है। अब देखना होगा कि आने वाले समय में धौलपुर के लिए कोई विशेष घोषणा होती है या नहीं, और क्या इस मुद्दे पर राजनीतिक घमासान और तेज होता है।

## निःशुल्क अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर बना संजीवनी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आयुर्वेद विभाग की ओर से बिजौली में आयोजित निःशुल्क अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा व आरोग्य शिविर कई मरीजों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में धौलपुर निवासी सुधांशु सक्सैना को भी शिविर से उल्लेखनीय लाभ मिला और वे अब सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। सुधांशु सक्सैना पिछले कुछ समय से फ्रोजन शोल्डर (जमे हुए कंधे) की गंभीर समस्या से पीड़ित थे। कंधे में लगातार दर्द और जकड़न के कारण उनके लिए दैनिक कार्य जैसे कपड़े पहनना, हाथ ऊपर उठाना, सामान उठाना अथवा सामान्य गतिविधियां करना भी कठिन हो गया था। रात में दर्द बढ़ जाने से नींद भी प्रभावित हो रही थी। उन्होंने विभिन्न उपचार पद्धतियों का सहारा लिया, परंतु अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही थी।।

इसी दौरान उन्हें आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित निःशुल्क शिविर की जानकारी मिली। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. त्रिलोक कुमार वर्मा ने उनकी जांच कर समस्या का समुचित मूल्यांकन किया। चिकित्सक ने उन्हें एक्यूपंक्चर व प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उपचार देने की सलाह दी। शिविर में नियमित सत्रों के तहत एक्यूपंक्चर थेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों और आवश्यक व्यायाम संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। इससे इनके कंधे के दर्द और जकड़न में उल्लेखनीय सुधार दिखाई देने लगा। हाथ की मूवमेंट पहले की तुलना में बेहतर हुई और दैनिक कार्य करने में आसानी होने लगी।

सुधांशु सक्सैना ने बताया कि 'मैं लंबे समय से कंधे के दर्द से परेशान था। साधारण काम करना भी मुश्किल हो गया था। शिविर में मिले उपचार और चिकित्सकों के मार्गदर्शन से अब मुझे काफी राहत है। दर्द में कमी आई है और हाथ पहले से अधिक आसानी से उठने लगा है। मैं राज्य सरकार और आयुर्वेद विभाग का आभारी हूं, जिन्होंने निःशुल्क शिविर के माध्यम से मुझे नया आत्मविश्वास दिया। यह सफलता कहानी न केवल आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की प्रभावशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सरकारी स्तर पर आयोजित निःशुल्क शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

## बीसीएमओ डॉ. चेतराम मीणा ने किया चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी धौलपुर डॉ. चेतराम मीणा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैथरी व नुनहेरा का निरीक्षण कर विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, दवा वितरण, प्रयोगशाला सेवाएं, स्टाफ उपस्थिति, संस्थान में साफ-सफाई तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. मीणा ने एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुख, स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अधिकाधिक व्यक्तियों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। सीएचओ व एएनएम की ओर से घर-घर सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए तथा चिन्हित मरीजों का समय पर उपचार व नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्कूलों, ग्राम सभाओं व सामुदायिक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को परामर्श व आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर भी बल दिया, ताकि तंबाकू सेवन से होने वाले रोगों की रोकथाम की जा सके। इस दौरान स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के अंतर्गत सक्रिय रोगी खोज, प्रारंभिक पहचान व निःशुल्क उपचार की निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है, इसलिए किसी भी संदिग्ध लक्षण मिलने पर तत्काल जांच कर उपचार प्रारंभ किया जाए तथा मरीजों के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। डॉ. मीणा ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अधिक से अधिक मरीजों की आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आभा आईडी से मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे, जिससे भविष्य में उपचार प्रक्रिया सरल व सुगम होगी। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को आभा आईडी के लाभों के प्रति जागरूक कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएं।

# कलश यात्रा के साथ हिन्दू सम्मेलन का आगाज

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम गोगासर में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। ठाकुर जी के मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल गोगाजी मंदिर पहुंची। सिर पर कलश धारण किए मंगलगीत गाती हुई महिलाओं की शोभा यात्रा देवी देवताओं और महापुरुषों की झांकियों से सुसज्जित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में संत सान्निध्य साध्वी पवित्रा प्रणामी हिसार व ओमगिरी महाराज, मालासर का रहा तथा मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम मिश्रा, सीकर रहे। अपनी ओजस्वी वाणी से साध्वी पवित्रा प्रणामी ने माताओं बहनों से अपने बच्चों को भारतीय सनातन संस्कृति व संस्कारों की शिक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी का स्थान समाज में सदैव अग्रणी रहा है। भारत में वह भोग की नहीं, वरन् पूजा की अधिकारी रही है। जहां नारी का मान सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी को शिक्षा और अच्छे संस्कार देने से कई पीढ़ियां संस्कारित होती है। उन्होंने युवाओं से भी स्वामी विवेकानंद, शिवाजी महाराज, सुभाषचंद्र बॉस आदि से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय भावों को पोषित करने वाले संगठनों में काम करते हुए देश सेवा करने का आह्वान किया। संत ओमगिरी महाराज ने कहा कि जब हिंदू जाति विभेद छोड़ समरस भावों को अपना लेगा तभी हिंदू समाज का उत्थान होगा। हमें एक दूसरे से स्नेह , सद्भाव और सहयोग के भावों को अपनाकर अपने आपके हिन्दू होने पर गर्व करना होगा। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने तथा गायों की सेवा का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम मिश्रा ने पंच परिवर्तन का विषय रख सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें सच्चे अर्थों में एक भारतीय नागरिक बनने के लिए अपने राष्ट्र को सर्वप्रथम रखना होगा। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों में सनातन संस्कृति के बड़े परिवारों को अपनाने वाली गाय, गोबर और पर्यावरण के सह अस्तित्व वाली अपनी प्राचीन परम्पराओं को पुनः अपनाना होगा। प्लास्टिक के प्रयोग को बंद कर धरती को जहरीला कर देने वाली रासायनिक खादों को छोड़कर हमें गोबर की जीवन दायिनी खादों के प्रयोग से उगी हुई फसलों को अपनी जीवन शैली में अपनाना होगा अन्यथा आने वाले समय में हमें इसके भयंकर दुष्परिणाम झेलने होंगे। कार्यक्रम में मंदिरों के पुजारियों, समाज सेवी महिला पुरुषों व विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को भारत माता का चित्र देकर और माला पहनाकर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। गोगासर के सर्व समाज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में राजू भगत, आशाराम गौड़, इंदर गिल, धनराज भार्गव, लालाराम सुथार, रामेश्वर सांसी, कालूराम नायक, कमल पारीक सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलदीप, पंकज, सुमित आदि ऊर्जावान युवा सभी का स्वागत सत्कार करते नजर आए तथा मंच संचालन प्रकाश पारीक ने किया।